डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार । 13 जुलाई 2026 । वर्ष-32, अंक-267, पृष्ठ-12
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 09



www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## आक्रोश : वन विभाग की ट्रेंच से 12 गांवों का संपर्क टूटा

- अखरा-जगरनाथपुर-टिकैतबांध बायपास सड़क बंद होने से पांच हजार की आबादी प्रभावित

### स्कूली बच्चे लकड़ी के सहारे पार कर रहे रास्ता

नवीन मेल संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** वन विभाग द्वारा अखरा–जगरनाथपुर–टिकैतबांध बायपास सड़क पर ट्रेंच काट दिए जाने से एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है। सड़क बंद होने से करीब पांच हजार की आबादी को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए तत्काल रास्ता बहाल करने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार पौधारोपण के नाम पर चार दिन पूर्व बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के सड़क काट दी गई। इससे अखरा, टिकैतबांध, टिकुलिया, पचरुखिया, नावाडीह, जगरनाथपुर, मोहनपुर, कुंदा, कुशुमभा, चुटिघाट और ककहिया समेत 12 से अधिक गांवों के लोगों को प्रतापपुर, चतरा और बिहार जाने के लिए लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चे ट्रेंच पर लकड़ी रखकर जान जोखिम में डालते हुए स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। शेष पेज 11 पर

## जाम खत्म, पर कोयला व फ्लाईऐश परिवहन पर रोक

- 60 घंटे बाद देल्हो महाआंदोलन खत्म
- 10 लाख रुपए मुआवजे के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना-अनशन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया-चतरा मुख्य मार्ग स्थित देल्हो घाटी में सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ जवान लक्ष्मण कुमार यादव की मौत के विरोध में करीब 60 घंटे से जारी महाआंदोलन शनिवार देर रात प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया। प्रशासन ने मृतक जवान के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का लिखित आश्वासन दिया तथा उपायुक्त स्तर की बैठक में अंतिम निर्णय होने तक जिले में कोयला एवं फ्लाईऐश वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की घोषणा की।

आंदोलनकारी पहले विराजपुर के समीप धरने पर बैठे थे। प्रशासनिक पहल नहीं होने पर शनिवार सुबह झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा दो सूत्री मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए, जिससे आंदोलन और तेज हो गया। शाम को सांसद कालीचरण सिंह, विधायक कुमार उज्ज्वल दास तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रदेव गोप के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने सिमरिया चौक जाम करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने नो-एंट्री प्वाइंट पर ही वाहनों को रोककर स्थिति नियंत्रित कर ली। शनिवार देर रात अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार महतो की मौजूदगी में प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच लंबी वार्ता हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने भारी वाहनों के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी नाराजगी जताई और स्थायी समाधान की मांग की। वार्ता के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि उपायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली उच्चस्तरीय बैठक तक जिले में किसी भी मार्ग पर कोयला और फ्लाईऐश वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय को सौंपी गई है। अंचल अधिकारी ने सोमवार तक मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिया।

समझौता वार्ता में सांसद कालीचरण सिंह, विधायक कुमार उज्ज्वल दास, झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रदेव गोप, पुलिस इंस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे। समझौते के बाद धरना और आमरण अनशन समाप्त कर दिया गया। हालांकि सड़क किनारे खड़े कोयला वाहनों की लंबी कतार अब भी बनी हुई है, जिन्हें व्यवस्थित कराने में पुलिस जुटी हुई है।

## दृष्टिपात

### बड़कागांव में सड़क हादसे में युवक की मौत, रोड जाम



- एनटीपीसी का कोयला परिवहन ठप, मुआवजे एवं नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव क्षेत्र में एनटीपीसी के कोयला परिवहन मार्ग पर शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने 13 माइल के समीप परिवहन मार्ग जाम कर दिया, जिससे एनटीपीसी की कोयला ढुलाई पूरी तरह ठप हो गई। सड़क के दोनों ओर कोयला लदे हाइवा समेत अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन और ग्रामीणों के बीच वार्ता जारी थी। मृतक की पहचान चेपाकला पंचायत निवासी नरेश कुमार महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नरेश कुमार महतो लोहा पुल के समीप कोयला लदे एक हाइवा की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। नरेश अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। हादसे के विरोध में मृतक के परिजन और ग्रामीण शनिवार देर रात से ही सड़क पर उतर आए थे। रविवार को प्रदर्शन और तेज हो गया तथा ग्रामीणों ने कोयला परिवहन पूरी तरह रोक दिया।

## खूंटी पुलिस ने किया देसी पिस्टल और छह कारतूस बरामद

# उग्रवादी राजेंद्र साहू गिरफ्तार

### पीएलएफआई को दोबारा सक्रिय करने की कोशिश में जुटा था

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) को दोबारा सक्रिय करने की कोशिश में जुटे वांछित उग्रवादी राजेंद्र साहू उर्फ राजेंद्र साव उर्फ मास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव का रहने वाला है। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था।

रविवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि राजेंद्र साहू पीएलएफआई के पुराने नेटवर्क को दोबारा सक्रिय और मजबूत करने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह अपने पैतृक गांव गम्हरिया पहुंचा हुआ है। सूचना की पुष्टि होने के बाद तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।



#### कानून व्यवस्था को चुनौती देने पर करेंगे सख्ती : एसपी

खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि जिले में पीएलएफआई के पुनर्गठन या उसके नेटवर्क को दोबारा सक्रिय करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उग्रवाद, रंगदारी और संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि उग्रवादी गतिविधियों या संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर जिले में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जा सके।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गम्हरिया गांव में छापेमारी की और राजेंद्र साहू को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल और छह कारतूस बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।

एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि प्रारंभिक जांच में हाल के दिनों में जिले में हुई कई आपराधिक और उग्रवादी घटनाओं में राजेंद्र साहू की संलिप्तता सामने आई है। शेष पेज 11 पर

#### राज्य सरकार नक्सलवाद के खात्मे को लेकर प्रतिबद्ध



हेमंत सोरेन सरकार राज्य से उग्रवाद और नक्सलवाद के खात्मे को लेकर प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की उग्रवादियों और नक्सलियों के खिलाफ नीति में पुलिस कार्रवाई और आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास के माध्यम से मुख्यधारा में वापसी शामिल है। सरकार ने दावा किया है कि राज्य में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। इसे पूरी तरह से खत्म करने के लिए आक्रामक अभियान चलाए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के बीच बेहतर शेष पेज 11 पर

## बहू पर परिवार को जहर देकर मारने की साजिश का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



- लोहरदगा के सेन्हा में भोजन और पानी में जहरीला पदार्थ मिलाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा (लोहरदगा)।** लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र की उगरा पंचायत अंतर्गत उगरा भगत टोली में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां आरोप है कि आपसी घरेलू विवाद से नाराज होकर एक बहू ने पूरे परिवार को जान से मारने की नीयत से खाना और पानी में जहरीला पदार्थ मिला दिया और फरार हो गई। समय रहते परिजनों को इसकी भनक लग गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने सेन्हा थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि, भोजन और पानी में जहर की अभी जांच नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, उगरा भगत टोली निवासी प्रभु उरांव के घर में उनकी पुत्री के अंतरजातीय विवाह को लेकर विवाद शुरू हुआ था। शेष पेज 11 पर

## गिरिडीह के बेंगाबाद में 350 पेटी नकली शराब जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** उत्पाद विभाग और गिरिडीह पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री का खुलासा कर लाखों रुपए की नकली विदेशी शराब और अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस ने जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा में छापेमारी कर 350 पेटी नकली शराब जब्त की है। इसके अतिरिक्त, शराब निर्माण में प्रयुक्त सामानों की भी बरामदगी हुई है। मामले को लेकर उत्पाद अधीक्षक शिवकुमार साहू एवं थाना प्रभारी अमन कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता की। शेष पेज 11 पर

## आज कल




## संग्रामपुर के मंदिर में शिवलिंग क्षतिग्रस्त, इलाके में तनाव

- श्रद्धालुओं में आक्रोश, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग
- पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर गांव स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर में रविवार की सुबह शिवलिंग क्षतिग्रस्त मिलने से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और स्थानीय लोग मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। मंदिर में प्रवेश करते ही उनकी नजर स्थापित शिवलिंग पर पड़ी, जो क्षतिग्रस्त अवस्था में था। यह दृश्य देखते ही श्रद्धालु स्तब्ध रह गए। कुछ ही देर में घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचने लगे। लोगों का कहना था कि यह घटना धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। शेष पेज 11 पर

## कमजोर मॉनसून का नया खतरा!

## अब खेती ही नहीं, बिजली आपूर्ति पर भी मंडराया संकट

- जुलाई और अगस्त का प्रदर्शन पूरे सीजन की दिशा तय करेगा

उदय चंद्र सिंह की विशेष रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** अब तक कमजोर मानसून की चिंता केवल किसानों, महंगाई और खाद्य उत्पादन तक सीमित मानी जा रही थी, लेकिन अब इसका असर देश के बिजली क्षेत्र पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि आने वाले दिनों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई, तो जलाशयों में पानी की कमी जलविद्युत उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए ताप विद्युत संयंत्रों पर दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार जून में कमजोर मानसून और कई हिस्सों में लंबे सूखे अंतराल ने बिजली क्षेत्र की चिंता बढ़ा दी है। जलविद्युत परियोजनाओं के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने पर उत्पादन घट सकता है। दूसरी ओर, उमस और गर्मी के कारण एयर कंडीशनर, कूलर और सिंचाई के लिए बिजली की मांग लगातार ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। ऐसे में बिजली कंपनियों के सामने आपूर्ति बनाए रखना बड़ी चुनौती बन सकता है। बिजली क्षेत्र के जानकारों के अनुसार, यदि जलविद्युत उत्पादन घटता है, तो इसकी भरपाई मुख्य रूप से कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से करनी होगी। इसके लिए पर्याप्त कोयला भंडारण, उत्पादन क्षमता और ट्रांसमिशन नेटवर्क को लगातार सक्रिय रखना होगा। हालांकि, सरकार और बिजली कंपनियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

कमजोर मानसून का असर केवल बिजली तक सीमित नहीं है। कम बारिश से खरीफ की बुवाई, खाद्य उत्पादन, ग्रामीण आय और महंगाई पर भी दबाव बढ़ सकता है। यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर देश की आर्थिक वृद्धि पर भी पड़ सकता है। शेष पेज 11 पर

## आस्था से खिलवाड़ — सिर्फ वित्तीय घोटाले की कहानी नहीं, यह है विश्वासघात का साक्ष्य

# पवित्र चढ़ावे को बनाया अपनी ‘मुनाफाखोरी का टूल’

- सोची-समझी साजिश थी, भगवान के पैसे को ‘लांड्रिंग’ के जरिए बाजार में घुमाया जा रहा था

नवेन्दु सिंह

**लखनऊ।** देश-दुनिया के करोड़ों सनातनी जिस राम मंदिर के लिए अपनी गाढ़ी कमाई का एक-एक रुपया श्रद्धा से अर्पित कर रहे हैं, वहीं कुछ सफेदपोशों ने उस पवित्र चढ़ावे को ही अपनी ‘मुनाफाखोरी का टूल’ बना लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस और विशेष जांच दल की तफ्तीश में जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे सिर्फ एक वित्तीय घोटाले की कहानी नहीं हैं, बल्कि यह आस्था के साथ हुए अब तक के सबसे घिनौने विश्वासघात के साक्ष्य हैं।



**शेयर बाजार :** चढ़ावे की मोटी नकदी को ठिकाने लगाने के लिए उसे शेयर बाजार में शॉर्ट-टर्म और मिड-टर्म ट्रेडिंग में झोंक दिया गया। यानी, भक्तों की श्रद्धा से आरोपी अपनी वेल्थ (संपत्ति) जनरेट कर रहे थे।

**बाजार में सूदखोरी :** अयोध्या और आसपास के इलाकों में इसी पैसे को स्थानीय व्यापारियों और जरूरतमंदों को भारी-भरकम (अनुमानित 24% से 36% सालाना) ब्याज पर उधारी में दिया जा रहा था। भगवान का पैसा आरोपियों के लिए निजी साहूकारी का फंड बन चुका था।

जांच के रडार पर आए मुख्य आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे का नेटवर्क सिर्फ मंदिर के काउंटरों तक सीमित नहीं था। यह एक सोची-समझी साजिश थी, जिसके तहत भगवान के पैसे को ‘लांड्रिंग’ (पैसा ठिकाने लगाना) के जरिए बाजार में घुमाया जा रहा था।

जांच एजेंसी ने आरोपियों और उनके करीबियों के कुल 30 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। प्राथमिक वित्तीय ऑडिट से साफ हुआ है कि इन खातों में जो लेनदेन हुए, वे खाता धारकों की वैध आय से 300% से भी अधिक पाए गए। यह कोई फुटकर चोरी नहीं थी, बल्कि एक सुव्यवस्थित सिंडिकेट था। तकनीक और बैंकिंग लूपहोल्स का फायदा उठाकर, चढ़ावे की नकदी को पहले रिश्तेदारों और सहयोगियों के खातों में खपाया जाता था और फिर लेयरिंग के जरिए उसे मुख्य आरोपियों के खातों में वापस लाया जाता था, ताकि पुलिस या टैक्स एजेंसियों को भनक न लगे।

आरोपियों अनुकल्प मिश्रा और अविनाश ने पूछताछ में जो कबूलनामा किया है, उसने वित्तीय विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है। प्रभु राम के भक्तों का पैसा दो समानांतर रास्तों पर दौड़ रहा था।

एसआईटी की छापेमारी में आरोपियों के घरों से नकदी के बंडल, सोने के झुमके, लॉकेट और महंगी कारें बरामद हुई हैं। लेकिन, सबसे बड़ा खुलासा भूमि दस्तावेजों से हुआ। अनुकल्प मिश्रा के घर से अयोध्या के प्राइम लोकेशन पर एक एकड़ जमीन के कागजात मिले हैं। दस्तावेजों में इस जमीन की रजिस्ट्री महज 6.7 लाख रुपए दिखाई गई है, जो कि ब्लैक मनी को छुपाने का पुराना पैंतरा है। अयोध्या में जमीनों के मौजूदा उछाल को देखते हुए, इस जमीन की वास्तविक बाजार कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है।

फिलहाल, एसआईटी की जांच जारी है और फॉरेंसिक ऑडिटर्स की टीम बैंक खातों के डिजिटल ट्रेल को खंगाल रही है। राम भक्तों की बस एक ही मांग है- प्रभु के घर में सेंध लगाने वालों को ऐसी सजा मिले, जो नजीर बन जाए। चाहे वह केंद्र का यसमैन हो या उसके नियुक्त यसमैन का यसमैन हो।

#### आस्था की आंच में झुलसेगी सियासत?

राम मंदिर का मुद्दा हमेशा से देश व उत्तर प्रदेश की राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है। जून के पहले सप्ताह में जब पहली बार गिनती में हेरफेर पकड़ी गई और 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई, तब से विपक्ष को एक बड़ा हथियार मिल गया है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि, राम मंदिर का सब कुछ केंद्र के बनाए व नियुक्त किए तंत्र के हाथ में रहा है और आज भी है, फिर भी राजनीति के जानकारों का मानना है कि यदि योगी सरकार ने इस ‘चंदा चोरी’ के आरोपियों पर त्वरित और ऐसी कठोर कार्रवाई (जैसे बुलडोजर एक्शन या रासुका) नहीं की, जिससे जनता में कड़ा संदेश जाए, तो यह मुद्दा चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकता है। विपक्ष इसे ‘आस्था के संरक्षण में विफलता’ के रूप में भुनाने की पूरी कोशिश में है।

# निजी क्लिनिक में इलाज के बाद महिला की मौत, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मनखाप गांव निवासी अनिल साव की लगभग 35 वर्षीय पत्नी संध्या देवी की निजी क्लिनिक में इलाज के बाद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पेट दर्द की शिकायत पर परिजन उन्हें बेनी कला स्थित एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद क्लिनिक के चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन तत्काल महिला को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ मनखाप गांव ले गए।




**स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं**

घटना को लेकर परिजनों अथवा स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जाता है कि मृतका के पति अनिल साव मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं और रविवार शाम तक उनके घर पहुंचने की संभावना है।

## खस्ताहाल स्टेशन रोड से राहगीर और यात्री परेशान

शंभू चौरसिया

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय का स्टेशन रोड वर्षों से जर्जर बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से गर्मी में धूल और बरसात में जलजमाव व कीचड़ के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि करीब 25 वर्ष पूर्व तत्कालीन सांसद ब्रजमोहन राम ने इस सड़क का पीसीसी निर्माण कराया था, लेकिन उसके बाद न तो इसकी मरम्मत हुई और न ही पुनर्निर्माण कराया गया। इसी सड़क पर दैनिक बाजार, विद्यालय और बैंक स्थित हैं। सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण, दुकानों के सामने वाहनों की पार्किंग तथा बाजार की भीड़ के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे कई बार यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण तो हुआ, लेकिन स्टेशन रोड की हालत नहीं सुधरी। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और कई वरिष्ठ अधिकारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी सड़क के पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। लोगों ने शीघ्र डबल लेन सड़क निर्माण और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## बालिका +2 विद्यालय में इंटर साइंस की सभी सीटें भर गईं

**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत +2 बालिका उच्च विद्यालय में इंटर विज्ञान संकाय की सभी 1000 सीटें भर जाने के बाद भी बड़ी संख्या में छात्राएं नामांकन के लिए विद्यालय पहुंच रही हैं। विद्यालय प्रशासन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से 200 अतिरिक्त सीटें स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। प्राचार्य प्रेम प्रकाश सिंह ने डीईओ को भेजे पत्र में बताया है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा विज्ञान संकाय के लिए 1000 सीटें स्वीकृत हैं, लेकिन सीटें भर जाने के बाद भी योग्य छात्राओं के नामांकन के लिए स्थानीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा लगातार मिल रही है।

## दो सप्ताह से ठप पेयजल आपूर्ति, आज नया ट्रांसफार्मर लगने की उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले करीब दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप रहने से शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जल संकट के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ रही है और वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी की जरूरत पूरी करनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार, शहरी जलापूर्ति योजना की मोटर में तकनीकी खराबी आने के बाद लगातार दो ट्रांसफार्मर जल जाने से जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए गए, लेकिन तकनीकी कारणों से आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। विभागीय सूत्रों के अनुसार, नया ट्रांसफार्मर रविवार को देवरी कला पहुंच गया है। इसे स्थापित कर आवश्यक परीक्षण पूरा किए जाने के बाद यदि सब कुछ सामान्य रहा तो मंगलवार से शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति फिर से शुरू होने की संभावना है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने बताया कि मोटर की खराबी और ट्रांसफार्मर जलने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद तकनीकी जांच पूरी होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



## पीएमश्री विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में गणित, विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी और नागरिक शास्त्र जैसे विषयों के पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, जबकि विज्ञान शिक्षिका का दो वर्ष पूर्व ही अन्यत्र प्रतिनियोजन कर दिया गया था। विद्यालय में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इसके बावजूद विषयवार शिक्षकों की कमी बनी हुई है। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उपलब्ध शिक्षकों के सहयोग से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर पाठ्यक्रम पूरा कराया जाता है, जिसके कारण मैट्रिक और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। अभिभावकों ने विद्यालय में स्वीकृत पदों के अनुरूप विषयवार शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की मांग करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और वे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।




## कुंदरी के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

- अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल युवक ने एमएमसीएच में तोड़ा दम

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी गांव के समीप शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव निवासी 30 वर्षीय साहिल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, साहिल कुमार निजी कार्य से बाइक से कुंदरी गया था। देर रात घर लौटने के दौरान कुंदरी गांव के पास एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने तथा दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।




## नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने किया एसआईआर कार्यों का निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-2 स्थित सैदाबाद स्कूल परिसर समेत शहर के कई अन्य बूथों पर चल रहे एसआईआर कार्य का शनिवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी ने बीएलओ एवं अन्य संबंधित कर्मियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने दस्तावेजों के रख-रखाव एवं डेटा एंट्री को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, स्थानीय शिक्षक बेलाश राम तथा पार्षद प्रतिनिधि अजीत गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद विधानसभा के बीएलए-2 को एसआईआर का प्रशिक्षण

**मतदाता पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ के साथ निभाएंगे सक्रिय भूमिका**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित चंद्रा रेसिडेंसी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के लिए झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने हुसैनाबाद स्थित पार्टी कार्यालय से बस को हरी झंडी दिखाकर सभी बीएलए-2 को रवाना किया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और इसमें बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के बाद सभी बीएलए-2 अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची के सत्यापन, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, आवश्यक प्रपत्र भरवाने तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण में सहयोग करेंगे। साथ ही वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाने और कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने का कार्य भी करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में एसआईआर अभियान की कार्यप्रणाली, बीएलए-2 की जिम्मेदारियों, प्रपत्रों के सही उपयोग तथा बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। झामुमो नेताओं ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षित बीएलए-2 अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।




## कबरा कला के देवी धाम परिसर में नवनिर्मित चबूतरे का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड की परता पंचायत के कबरा कला स्थित प्रसिद्ध देवी धाम परिसर में 15वें वित्त आयोग की राशि से निर्मित चबूतरे का विधिवत उद्घाटन रविवार को किया गया। पंचायत के मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय एवं वार्ड सदस्य मनवर्ती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम चौधरी ने की, जबकि संचालन निर्माण समिति के सचिव नीतीश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चबूतरे के निर्माण से श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को बैठने की सुविधा मिलेगी तथा धार्मिक आयोजनों के संचालन में भी सहूलियत होगी। इससे मंदिर परिसर की सुंदरता एवं गरिमा में भी वृद्धि होगी। उद्घाटन समारोह में विश्वनाथ पाल, राजेश पासवान, प्रमोद चौधरी, नागेश्वर चौधरी, गोविंद चौधरी, प्रभु राम, डॉ. रामप्रवेश पाल, देवी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के निर्माणकर्ता शालिग्राम चौधरी, जितेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस जनहितकारी विकास कार्य की सराहना करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास एवं जनकल्याण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यह चबूतरा भविष्य में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा।

## सरकारी चापाकल पर कब्जा कर पानी बेचने का आरोप, डीसी और थाना में शिकायत

**समरसेबल पंप लगाकर व्यावसायिक उपयोग करने का आरोप, जांच की मांग**

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी वंशीधर प्रसाद ने पलामू के उपायुक्त तथा सतबरवा थाना में लिखित शिकायत देकर सरकारी चापाकल पर अवैध कब्जा कर पानी बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि गांव के एक व्यक्ति ने सरकारी चापाकल में समरसेबल पंप लगाकर पानी निकालना शुरू कर दिया है। आरोप है कि फिल्टर के माध्यम से उस पानी की बिक्री की जा रही है, जिससे ग्रामीणों एवं राहगीरों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि 30 जून की रात आरोपी ने उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की, मारपीट का प्रयास किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक जलस्रोत के निजी उपयोग से आम लोगों को सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से समरसेबल पंप हटवाने, सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था बहाल करने तथा दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



## खेत जुताई की मनमानी दर से किसान परेशान नीलगाय के आतंक से पिछड़ रही खेती : अंकु

**हैदरनगर।** कृषि प्रधान देश में किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों को खेती के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इन्हीं समस्याओं को लेकर हैदरनगर प्रखंड किसान सलाहकार समिति के सदस्य अंकु सिंह राणा ने पलामू के उपायुक्त को पत्र लिखकर संपूर्ण जिले में ट्रैक्टर से खेत जुताई की दर निर्धारित करने तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि खरीफ मौसम में अधिकांश किसान समय पर खेतों की जुताई कराने के लिए परेशान हैं। जिले के कई क्षेत्रों से शिकायत मिल रही है कि ट्रैक्टर संचालक मनमाने और अलग-अलग शुल्क वसूल रहे हैं। इसका सबसे अधिक असर छोटे एवं मध्यम वर्ग के किसानों पर पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है।

## आशिकनगर गांव आज भी पक्की सड़क से वंचित

- पगडंडी के सहारे आवागमन, बरसात में ग्रामीणों की बढ़ जाती है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड की भजनियां पंचायत अंतर्गत आशिकनगर (करडंडा) गांव तक आज भी पक्की सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीणों को पगडंडी के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में कच्चा मार्ग कीचड़ और जलजमाव से भर जाने के कारण लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मंजीत कुमार मेहता ने बताया कि काशीस्रोत पुल से गांव के मध्य तक करीब एक किलोमीटर लंबा यही कच्चा मार्ग गांव को मुख्य सड़क और रेलवे स्टेशन से जोड़ता है। बारिश में यह पूरी तरह कीचड़युक्त हो जाता है, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने से मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जनहित में शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की है।



## धनरोपनी से पहले किसानों पर संकट, पहले ही दिन टूटी सोनपुरवा माइनर नहर

# हजारों एकड़ धान की खेती पर मंडराया खतरा

- महत्वपूर्ण समय में नहर टूटने से बढ़ी किसानों की चिंता

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। उत्तर कोयल मुख्य नहर के मोहम्मदगंज स्थित जीरो आरडी से पानी छोड़े जाने के साथ ही हैदरनगर प्रखंड की सोनपुरवा माइनर पहले ही दिन टूट गई। इससे सोनपुरवा, बहेरा, रीगाडीह और बलि बिगहा सहित आसपास के गांवों की हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई पर संकट गहरा गया है। धनरोपनी के महत्वपूर्ण समय में नहर टूटने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों देवेंद्र सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, पप्पू सिंह और पिंटू सिंह सहित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नहर के निर्माण और मरम्मत कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि संवेदक ने करीब दो किलोमीटर तक कार्य कराने का दावा किया, लेकिन आवश्यक स्थानों पर ह्यूम पाइप नहीं लगाया गया और केवल मिट्टी भरकर काम पूरा कर दिया गया। पानी का दबाव पड़ते ही नहर टूट गई। किसानों का कहना है कि पहले समय पर पानी नहीं मिलने के कारण उन्होंने महंगे डीजल और मोटर पंप से धान का बिचड़ा तैयार किया। अब सिंचाई की सबसे अधिक जरूरत के समय नहर टूट जाने से पूरी खेती संकट में पड़ गई है।



**दोषी संवेदक पर कार्रवाई और शीघ्र सिंचाई व्यवस्था बहाल करने की मांग**

संग्राम सिंह, विकास सिंह, कुणाल कुमार, वीरेंद्र सिंह, उदय सिंह और कामाख्या सिंह समेत कई किसानों ने विभाग से नहर की तत्काल मरम्मत, दोषी संवेदक पर कार्रवाई और शीघ्र सिंचाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने पर इस वर्ष धान की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## करमा गांव से आठ जायरीन हज यात्रा के लिए रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के करमा गांव से आठ जायरीन पवित्र हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना (सऊदी अरब) रवाना हुए। यात्रा से पूर्व आयोजित विदाई समारोह में ग्रामीणों और परिजनों ने सभी जायरीनों की सकुशल यात्रा एवं हज की सफल अदायगी की दुआ की। हज यात्रा पर जाने वालों में मोहम्मद कुदूश अंसारी एवं उनकी धर्मपत्नी, मोहम्मद अलीम सिद्दीकी एवं उनकी धर्मपत्नी, मोहम्मद जमालुद्दीन अंसारी एवं उनकी धर्मपत्नी, मोहम्मद हनीफ अंसारी तथा मुनिया खातून शामिल हैं।इस अवसर पर धावाडीह पंचायत समिति सदस्य सह पांकी विधायक प्रतिनिधि महेश यादव ने सभी जायरीनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हज यात्रा अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देती है। समारोह में अबुल हसन जुम्मन मियां, डॉ. ज़हीदुल्ला, अधिवक्ता अहमद इकबाल अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी, हसबुद्दीन अंसारी, हसन अंसारी, शमशाद अंसारी, शिक्षक सेठा यादव, गोपी अंसारी, शकील अंसारी, समतुल्लाह अंसारी, सगीर अंसारी, अल्लादीन अंसारी, मोहिब सिद्दीकी, अखलेश यादव, विकास यादव, राजेश साहू, जुबेर अंसारी, इरशाद अंसारी, असगर अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# घर से लैपटॉप व महंगे मोबाइल चोरी मामले का खुलासा, दो गिरफ्तार

● डेल लैपटॉप, आईफोन-13 और चोरी की बाइक बरामद, दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने घर से लैपटॉप और महंगे मोबाइल फोन चोरी मामले का सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया डेल कंपनी का लैपटॉप, आईफोन-13 तथा चोरी में प्रयुक्त एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

जानकारी के अनुसार 8/9 जुलाई 2026 की रात बारालोटा स्थित जीएलए कॉलेज के समीप रहने वाले वीरेंद्र कुमार सिंह के आवास से अज्ञात चोरों ने डेल कंपनी का लैपटॉप, आईफोन-13, सैमसंग गैलेक्सी तथा वीवो मोबाइल की चोरी कर ली थी। इस संबंध में शहर थाना कांड संख्या-249/26 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया।

अनुसंधान के दौरान 11 जुलाई को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जेलहाता निवासी मोहित कुमार (23), पिता स्व. मदन साव तथा मोहन सिनेमा, जेलहाता निवासी राधे कुमार उर्फ राधे डोम (25), पिता राजेंद्र राम के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गया डेल कंपनी का लैपटॉप, आईफोन-13 तथा सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। चोरी गए अन्य सामान की बरामदगी के लिए भी पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। मोहित कुमार के विरुद्ध शहर थाना में मारपीट, आपराधिक धमकी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व से मामले दर्ज हैं। वहीं राधे कुमार उर्फ राधे डोम के खिलाफ चोरी और अन्य आपराधिक मामलों के चार कांड पहले से दर्ज हैं।

पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में की गई। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक अमित द्विवेदी, सहायक अवर निरीक्षक संदीप कुमार राम तथा शहर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बढ़ा राजमणी पाठक हत्याकांड का विवाद

● पुलिस ने टांगी से हत्या बताई, रिपोर्ट में सिर में गोली लगने की पुष्टि, परिजनों ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के करमा गांव में 29 अप्रैल 2026 को हुए राजमणी पाठक हत्याकांड में पुलिस अनुसंधान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बीच सामने आए विरोधाभास ने मामले को नया मोड़ दे दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर में गोली लगने से मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों ने पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक जांच की मांग की है।

पुलिस ने इस मामले में 9 मई को वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उस समय पुलिस ने दावा किया था कि जमीन विवाद को लेकर टांगी से वार कर हत्या की गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में टांगी से हत्या करने की बात स्वीकार की थी तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी भी बरामद की गई थी।

वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर में गोली लगने और घाव के आसपास बारूद के अंश मिलने का उल्लेख है। इससे पुलिस के दावे और चिकित्सीय रिपोर्ट में स्पष्ट विरोधाभास सामने आया है।

मृतक की पत्नी पूनम देवी ने दर्ज प्राथमिकी में चंद्रपुर गांव के संजय सिंह एवं अंदुल सिंह पर घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। मृतक के पुत्र भावेश पाठक ने कहा कि यदि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई है तो पुलिस द्वारा टांगी से हत्या की बात कैसे कही गई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

इधर, पिपराटांड़ थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में टांगी से हत्या करने की बात कही थी और उसकी निशानदेही पर हथियार भी बरामद किया गया था। मामले की जांच विधिसम्मत तरीके से आगे बढ़ाई जा रही है।

परिजनों ने बताया कि वे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। इससे पहले वे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भी मिलकर पूरे मामले की जांच कराने का आग्रह कर चुके हैं।

# विश्रामपुर विधानसभा के बूथ संख्या-139 पर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूरा



● 542 मतदाताओं का फॉर्म भरवाकर डिजिटाइजेशन पूरा, बीएलओ सुमित्रा कुमारी बनीं मिसाल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-139 पर मतदाता सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। बूथ की बीएलओ सुमित्रा कुमारी ने सभी 542 मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने और उनका डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया।

पुनरीक्षण के दौरान दो अनुपस्थित, 24 स्थानांतरित, 10 मृत तथा दो डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान की गई। प्रशासन ने इसे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बीएलओ सुमित्रा कुमारी की सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने से कठिन लक्ष्य भी समय पर हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी बीएलओ से इसी प्रकार कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने की अपील की।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

● संगठन की मजबूती, एसआईआर अभियान और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह तथा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी का रविवार को मेदिनीनगर उत्तरी मंडल के चार नंबर वार्ड में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं को फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियान तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में एसआईआर अभियान के तहत पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और नियमानुसार सत्यापन प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मनोज सिंह एवं अमित तिवारी ने पौधरोपण किया। मनोज सिंह ने कहा कि जिस प्रकार मां हमारा संरक्षण करती है, उसी प्रकार हमें प्रकृति और धरती मां की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील तिवारी ने की। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील राम, विजय पाठक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# विकास ठप, भ्रष्टाचार चरम पर और कानून-व्यवस्था ध्वस्त : श्वेतांक गर्ग

● भाजपा युवा नेता ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, विकास और रोजगार के मुद्दे उठाए

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा युवा नेता श्वेतांक गर्ग ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि झारखंड में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं तथा भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

जारी बयान में श्री गर्ग ने कहा कि राज्य के बुनियादी ढांचे, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कोई ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि युवाओं को रोजगार देने के वादे चुनावी घोषणा बनकर रह गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक से लेकर सचिवालय तक बिना रिश्वत के आम लोगों का काम होना कठिन हो गया है। जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा विकास के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।

श्वेतांक गर्ग ने कहा कि राज्य में चोरी, डकैती, रंगदारी और अन्य गंभीर अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा भी चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रहा है। उन्होंने राज्य की जनता से जागरूक होकर बेहतर शासन के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

# तीन सितंबर को पलामू आएंगे संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज

● विहंगम योग संस्थान की जिला बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और सेवा कार्यों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित गोविंद भवन में रविवार को विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला स्तरीय बैठक प्रधान जिला संयोजक भानु प्रताप देव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अतिथियों एवं भक्तों ने सद्गुरुदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बैठक में जानकारी दी गई कि तीन सितंबर को संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज का पलामू आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर शहर के बीसफूटा स्थित बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार-प्रसार, पत्रिका सदस्यता अभियान एवं आश्रम से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों की समीक्षा की गई। झारखंड प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह और अन्न सेवा मंत्री उपेंद्र मिश्र ने सद्गुरु सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी भक्तों से सेवा और आध्यात्मिक प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में राम गोविंद यादव, ओंकारनाथ पाठक, रविन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, दुलारचंद पाल, विशुन देव मेहता, राणा लक्ष्मण सिंह, योगमाया तिवारी, दशरथ पासवान, संजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में सेवा प्रभारी एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की समस्याएं सुनने गांव-गांव पहुंचे दीपक प्रताप देव

● वज्रपात पीड़ित परिवार से मिलकर जताई संवेदना, हरसंभव सहायता का दिया भरोसा

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने रविवार को खरौंधी प्रखंड के कूपा, अरंगी, सिसरी, खरौंधी और सुंडी सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। दौरे के दौरान उन्हें सुंडी पंचायत के दोहरी गांव निवासी बुटन ठाकुर की पत्नी विंदा देवी की वज्रपात से हुई मृत्यु की जानकारी मिली। इसके बाद वे शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग भी प्रदान किया। दीपक प्रताप देव ने कहा कि वज्रपात जैसी प्राकृतिक आपदाएं अत्यंत दुखद होती हैं और ऐसे समय में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता एवं मुआवजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाना तथा जरूरतमंदों की सेवा करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मिथिलेश राम, दूधेश्वर यादव, विश्वनाथ राम, अवध ठाकुर, अभय गुप्ता, राजीव सिंह, अखिलानंद दुबे, मणिक सिंह, ऋतिक मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जन्मदिन पर 1100 पौधों का वितरण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

● बसना गांव में एसडीएम सहित अधिकारियों ने ग्रामीणों को फलदार, औषधीय और इमारती पौधे बांटे

नवीन मेल संवाददाता



**नावा बाजार।** प्रखंड के बसना गांव स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को टीटी इंस्पेक्टर बी.एम. पांडेय की पहल पर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर एसडीएम संजय पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, बीडीओ रेणु बाला, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव एवं पूर्व मुखिया सुरेश महतो ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों के बीच 1100 फलदार, इमारती एवं औषधीय पौधों का वितरण किया।

एसडीएम संजय पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करने की भी अपील की।

टीटी इंस्पेक्टर बी.एम. पांडेय ने बताया कि वे पिछले 11 वर्षों से अपने जन्मदिन पर पौधा वितरण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से न केवल पर्यावरण सुरक्षित होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने पलामू जैसे सूखाग्रस्त क्षेत्र में वृक्षारोपण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

# एसआईआर-2026 में लापरवाही पर सात कर्मियों को कारण बताओ नोटिस

● बीएलओ को सहयोग नहीं देने और अनुपस्थित मिलने पर 24 घंटे में मांगा स्पष्टीकरण, कार्रवाई की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**केतार (गढ़वा)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने सात प्रतिनियुक्त कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी संबंधित कर्मियों को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। नोटिस पाने वालों में सहायक शिक्षक नंदलाल प्रसाद, सुशील पाठक, राम विचार, सहायक आचार्य नीरज प्रसाद, कनीय अभियंता आनंद कुमार, रोजगार सेवक पंकज कुमार सिंह तथा वीएलई विशाल कुमार शामिल हैं। बीडीओ द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान संबंधित मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त कर्मी बीएलओ को अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे थे।

कई कर्मी बिना सूचना अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित भी पाए गए।

इसे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य में घोर लापरवाही तथा वरीय अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना माना गया है।

प्रखंड प्रशासन ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्वाचन कार्य पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ संपन्न करने तथा बीएलओ को हर स्तर पर सहयोग देने का निर्देश दिया है।

# सेठ स्व. दामोदर प्रसाद तुलस्यान की स्मृति में दुर्गाबाड़ी में शीतल पेयजल केंद्र का उद्घाटन

● श्रद्धालुओं और राहगीरों को मिलेगा स्वच्छ व ठंडा पेयजल, समाजसेवियों ने जनहितकारी पहल की सराहना

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर में रविवार को श्रद्धालुओं एवं आमजनों की सुविधा के लिए निर्मित शीतल पेयजल केंद्र का उद्घाटन किया गया। सेठ स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान की स्मृति में उनके सुपुत्र आलोक तुलस्यान (रांची) के सौजन्य से बनाए गए इस पेयजल केंद्र का लोकार्पण वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश साहू एवं हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दुर्गाबाड़ी मंदिर महुआडांड़ का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। त्योहारों एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए इस जनोपयोगी सुविधा की स्थापना की गई है। इससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों तथा स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सुरेश साहू ने कहा कि समाज में इस प्रकार की पहल सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि स्व. दामोदर प्रसाद तुलस्यान का जीवन समाजसेवा के लिए प्रेरणास्रोत रहा है और उनकी स्मृति में स्थापित यह पेयजल केंद्र उनकी जनसेवा की भावना को जीवंत बनाए रखेगा। हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने आलोक तुलस्यान के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए समाज के सक्षम लोगों से भी ऐसे कार्यों में आगे आने की अपील की।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. दामोदर प्रसाद तुलस्यान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाजहित में किया गया स्थायी कार्य ही किसी व्यक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होता है।

अंत में सभी अतिथियों ने शीतल पेयजल केंद्र का अवलोकन कर इसके सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हिंदू महासभा के पदाधिकारी भानु प्रसाद, मनोज कुमार जायसवाल (किराना), कृष्णा प्रसाद, बिहारी लाल जायसवाल, बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, बिगन प्रसाद, डॉ. ए.के. शाह, संदीप प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र सोनी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

### वायरल वीडियो की जांच में आरोप सही मिले, निर्वाचन कार्य से तत्काल हटाने का आदेश

# एसआईआर-2026 में पैसे मांगने वाली बीएलओ हटाई गई, अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के दौरान मतदाताओं से पैसे मांगने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा के निर्देश पर वायरल वीडियो की जांच के बाद संबंधित बीएलओ को निर्वाचन कार्यों से हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-406 की बीएलओ कुसुम देवी पर प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगा था। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, धुरकी से जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, भवनाथपुर की अनुशंसा पर कुसुम देवी, आंगनबाड़ी सेविका (आंगनबाड़ी केंद्र-झलका, धुरकी) को निर्वाचन कार्यों से तत्काल हटा दिया गया। उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि एसआईआर-2026 के दौरान निर्वाचन कार्यों में लगे किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ अथवा अन्य कर्मी द्वारा पैसे मांगने, अवैध वसूली या किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर इसकी सूचना प्रशासन को दें**

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति एसआईआर कार्य के नाम पर राशि की मांग करे या किसी प्रकार की अनियमितता करे तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।

## रमकंडा में अवैध गिट्टी ढुलाई पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से गिट्टी की ढुलाई कर अलग-अलग स्थानों पर बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान तिलैयाटॉड मोड़ के पास एक सोनालिका ट्रैक्टर को बड़ी मात्रा में अवैध गिट्टी ले जाते हुए पकड़ा गया। जांच में चालक के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं मिली। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए मामले को रमकंडा अंचल अधिकारी (सीओ) को सौंप दिया है। अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है।

## पूर्व मंत्री ने श्री बंशीधर राधिका मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को अपने परिवार के साथ श्री बंशीधर नगर स्थित प्रसिद्ध श्री बंशीधर राधिका मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान राधा-कृष्ण के श्रीचरणों में झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना करते हुए प्रदेश पर प्रभु की कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर ट्रस्ट के सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र कुमार चौबे ने पूर्व मंत्री एवं उनके परिवार को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य ताहीर अंसारी ने उन्हें भगवान बंशीधर की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, निर्मल पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, आस्था और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

## दृष्टिपात

### 15 दिन बाद बदला गया जला ट्रांसफार्मर, गांव में लौटी बिजली

**भवनाथपुर।** प्रखंड की मकरी पंचायत अंतर्गत पथलकुदवा टोला में करीब 15 दिनों से जला 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर आखिरकार बदल दिया गया। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ट्रांसफार्मर जल जाने से गांव में बिजली पूरी तरह ठप हो गई थी। इससे भीषण गर्मी के बीच पेयजल, घरेलू कार्य और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रभावित हो रही थीं। ग्रामीणों ने पांच-छह दिन पूर्व मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी को आवेदन देकर शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की थी। मुखिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया। उनके प्रयास से नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। शनिवार को पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर और नारियल फोड़कर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने मुखिया सरिता देवी एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्वरित पहल के कारण गांव की बड़ी समस्या का समाधान हो सका। इस अवसर पर मुखिया सरिता देवी, वार्ड सदस्या समीला बीबी, समाजसेवी धनंजय कुमार, बिजली मिस्त्री उमेश प्रजापति, असर्फी बैठा, अमोद बैठा, कंचन देवी, सुखमनियां देवी, रामलखन राम, प्रमोद राम, लुकमन राम, रामदास राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### त्रैमासिक उत्कृष्ट अधिकारी सम्मान से सम्मानित हुए श्याम उज्ज्वल मेधा

**भवनाथपुर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान समूह के उप महाप्रबंधक (खदान) श्याम उज्ज्वल मेधा को झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस (जेजीओएम) की 'त्रैमासिक उत्कृष्ट अधिकारी' योजना के तहत 10 जुलाई को बोकारो स्थित मुख्यालय में सम्मानित किया गया। यह सम्मान जेजीओएम की पांच खदानों में कार्यरत ई-1 से ई-6 ग्रेड के अधिकारियों में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार, लागत में कमी, कार्यप्रणाली में सुधार, नई तकनीक के उपयोग, सुरक्षित कार्य संस्कृति, स्वचालन एवं डिजिटलीकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत प्रत्येक तीन माह में एक अधिकारी का चयन किया जाता है। श्याम उज्ज्वल मेधा ने वर्ष 2004 में सेल में अपनी सेवा शुरू की थी। वे गुआ लौह अयस्क खदान, इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर तथा किरीबुरू में विभिन्न पदों पर कार्य करने के बाद 24 जुलाई 2024 से भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान समूह में उप महाप्रबंधक (खदान) के रूप में कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल में भवनाथपुर चूना पत्थर क्रशर संयंत्र की शीघ्र नीलामी, सीआईएसएफ के स्थान पर गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर सुरक्षा व्यय में कमी तथा औद्योगिक विद्युत आपूर्ति के स्थान पर घरेलू विद्युत व्यवस्था लागू कर लाखों रुपये की बचत जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार सीमित संसाधनों और कम कर्मचारियों के बावजूद उनके कुशल नेतृत्व से कंपनी को आर्थिक लाभ मिला। सम्मान मिलने पर श्याम उज्ज्वल मेधा ने इसका श्रेय अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग को दिया। इस अवसर पर सेल के अधिकारी बुलू दिग्गल, डॉ. विजय कुमार, कर्मचारी नेता आलोक त्रिपाठी, मुकेश दुबे, राजनीति सिंह, डॉली रानी, अनिला मिंज सहित अन्य कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

### भाजपा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान, संगठन मजबूत करने का आह्वान

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त मंडल एवं जिला कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए भानु प्रताप शाही ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आम जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अभी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य वर्ष 2029 में झारखंड में सरकार बनाना है और इसके लिए संगठन को गांव-गांव तक सशक्त करना होगा। पूर्व मंत्री ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार पलामू प्रमंडल की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पहचान रही पलामुआ भाषा की अनदेखी की जा रही है, जबकि पलामू क्षेत्र से चार विधायक होने के बावजूद इस मुद्दे पर प्रभावी आवाज नहीं उठाई जा रही है। उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध का भी उल्लेख करते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए।

## सर्पदंश से लेदू बैठा की मौत, ग्रामीणों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रमना।** सरांग गांव निवासी मुंद्रिका बैठा उर्फ लेदू बैठा (65) के निधन पर रविवार को ग्राम उत्थान समिति की ओर से अध्यक्ष प्रदीप सिंह के आवास पर शोकसभा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार की रात मुंद्रिका बैठा को उनके घर पर एक विषैले सांप ने डंस लिया था। परिजनों ने तत्काल उपचार का प्रयास किया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। शोकसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुंद्रिका बैठा सरल, मिलनसार और सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**डंडई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान को लेकर डंडई प्रखंड प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड में 60 मतदान केंद्रों के अंतर्गत लगभग 51,400 मतदाता हैं। सभी बूथों पर नियुक्त बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कर रहे हैं। निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। बीएलओ की सहायता के लिए सहायक शिक्षकों को वॉलंटियर के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। बीडीओ ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ और वॉलंटियर को आवश्यक सहयोग दें तथा सही एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित तैयार की जा सके।

## लोहरगढ़ा पंचायत के 300 किसानों को मिला उन्नत किस्म का नि:शुल्क अरहर बीज

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को मिशन आत्मनिर्भरता इन प्लस योजना के तहत लोहरगढ़ा पंचायत के 300 किसानों के बीच उन्नत किस्म के अरहर बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश कुमार एवं बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को चार-चार किलोग्राम बीज देकर किया। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि केतार क्षेत्र के किसान मेहनती हैं और यहां बड़े पैमाने पर अरहर की खेती की जाती है। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होने से किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ अधिक आर्थिक लाभ मिलेगा। विधायक प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने किसानों से 15 जुलाई तक अरहर की बुआई पूरी करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कृषि योजनाओं का प्रभावी ढंग से संचालन कर रही है। बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि मिशन आत्मनिर्भरता इन प्लस योजना के तहत केतार प्रखंड की लोहरगढ़ा पंचायत का चयन अरहर उत्पादन के लिए किया गया है। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, खेत की समुचित तैयारी, समय पर बुआई तथा खरपतवार नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी, ताकि कम लागत में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में किसान मित्र ललित शुक्ल, रामनिवास प्रसाद, सुरेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सरकारी बीज के इंतजार में सूख रही उम्मीदें डंडई के किसानों की खरीफ खेती संकट में

**नवीन मेल संवाददाता**



**डंडई।** खरीफ खेती का महत्वपूर्ण समय बीतने के बावजूद डंडई प्रखंड में किसानों के बीच अब तक सरकारी बीज का वितरण शुरू नहीं हो सका है। आद्रा नक्षत्र समाप्त होने और आषाढ़ माह अंतिम चरण में पहुंचने के बाद भी कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से बीज उपलब्ध नहीं कराए जाने से किसान चिंतित हैं। समय पर बुआई नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में खेत अब भी परती पड़े हैं। कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव से सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा होने की संभावना है। इसे देखते हुए किसानों को मड़ुवा, तिल, अरहर तथा अन्य कम पानी वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी गई थी। इसके लिए बैठक भी आयोजित की गई, लेकिन जिन फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया गया, उन्हीं के बीज अब तक उपलब्ध नहीं कराए जा सके हैं। किसान विवेकानंद कुशवाहा, भोला विश्वकर्मा, चंद्रदेव राम, दिलबर कुमार सहित अन्य किसानों ने बताया कि सरकारी बीज नहीं मिलने के कारण संपन्न किसान निजी दुकानों से अधिक कीमत देकर बीज खरीद रहे हैं, जबकि छोटे और गरीब किसान सरकारी वितरण का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो खरीफ फसल की बुआई और उत्पादन दोनों प्रभावित होंगे। किसानों ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि प्रखंड कृषि कार्यालय में अधिकारी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। कई बार किसान बीज, कृषि योजनाओं अथवा तकनीकी जानकारी के लिए कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। किसानों ने मिट्टी जांच व्यवस्था और जैविक खाद की उपलब्धता पर भी असंतोष जताया। किसानों ने जिला कृषि पदाधिकारी से अविलंब पर्याप्त मात्रा में सरकारी बीज उपलब्ध कराने, वितरण प्रक्रिया शुरू करने तथा देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इधर, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने बताया कि बीटीएम सत्येंद्र कुमार माली एवं प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड को अरहर का 10 क्विंटल तथा मक्का का 14 क्विंटल बीज आवंटित हुआ है। बीज प्राप्त होते ही क्लस्टरवार समिति का गठन कर नियमानुसार किसानों के बीच वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल सरांग में 121 आम के पौधों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सरांग गांव में ग्राम उत्थान समिति की ओर से 121 आम के पौधों का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह एवं उनकी पत्नी माधुरी देवी ने अपने निजी खर्च पर दशहरी, आम्रपाली, लंगड़ा सहित विभिन्न किस्मों के आम के पौधे ग्रामीणों के बीच वितरित किए। प्रदीप सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य सरांग पंचायत के प्रत्येक घर तक पौधे पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर भी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान से गांव में हरियाली बढ़ेगी और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी विकसित होगी। वक्ताओं ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। यह पहल अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप सिंह, बलराम साह, शंकर सिंह, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, धर्मदेव उरांव, बबलू पासवान और प्रदीप राम ने अपने विचार रखे। मौके पर रघु सिंह, दिनेश सिंह, मदन सिंह, राजदेव सिंह, मुंशी सिंह, यदू साह, रामदत्त गुप्ता, मटुकी साह, रामबिहारी रजवार, मुखलाल पासवान, विजय यादव, सुरेंद्र सिंह, परमानंद सिंह, कुमारी देवी, ललिता देवी, सीमा देवी, पाना देवी, यशवंती देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेड़ से लटका मिला शव, हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव मेंह एक ग्रामीण का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोला कोरवा (50), पिता रामबृक्ष कोरवा, के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बीकू कुमार रजक के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से एक टॉर्च, चुनौटी तथा एक बोतल बरामद कर जब्त कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पूछताछ के लिए मृतक के भाई को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 15 जुलाई को होगा राजकुमारी विशाखा सिंह स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रंका।** आगामी 15 जुलाई को आयोजित होने वाले राजकुमारी विशाखा सिंह स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक राजा कुमार गोबर्धन प्रसाद सिंह ने की। बैठक में अतिथियों के स्वागत, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के सम्मान, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने समारोह को भव्य, व्यवस्थित और सफल बनाने का संकल्प लिया। संरक्षक राजा कुमार गोबर्धन प्रसाद सिंह ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। समिति की अध्यक्ष मुक्ता सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा और प्रतिभा सम्मान की संस्कृति को मजबूत करेगा। समिति के सचिव युवराज गुलाब प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। बैठक में रानी इंद्रा सिंह, मोरध्वज प्रसाद सिंह, कांती सिंह, पार्वती देवी, मुनी देवी, बिनधवासिनी देवी, दिनानाथ प्रसाद, रेवती रमण सिंह, धीरज कुमार सिंह, सत्यनारायण सोनी, गिरवर सोनी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## करोड़ों की लागत से बना स्टेडियम बदहाल खिलाड़ी बोले- अब तो सुध लीजिए साहब

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** ग्रामीण खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2020-21 में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लोहिया समता उच्च विद्यालय का स्टेडियम आज उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। रखरखाव के अभाव में स्टेडियम की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। स्थानीय खिलाड़ियों ने बताया कि निर्माण के बाद से स्टेडियम की नियमित मरम्मत नहीं कराई गई। पवेलियन, मंच और शौचालय की खिड़कियां टूट चुकी हैं। दर्शक दीर्घा के टाइल्स उखड़ गए हैं, जबकि मैदान में घास और झाड़ियां उग आई हैं। बरसात में मैदान कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है। खिलाड़ियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया था। यही कारण है कि महज पांच वर्षों में स्टेडियम जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। स्थानीय खिलाड़ियों ने प्रशासन से स्टेडियम की शीघ्र मरम्मत, नियमित साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था बहाल करने तथा हाई-मास्ट लाइट लगाने की मांग की है।

### धुरकी थाना परिसर में 45 पौधे लगाकर दिया हरियाली का संदेश

## पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**धुरकी।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को धुरकी थाना परिसर में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी जनार्दन रावत के नेतृत्व में थाना परिसर में 45 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। थाना परिवार ने लगाए गए सभी पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान में थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हैं।

# अमझरिया घाटी में पाइप लदा ट्रक पलटा, चालक की दर्दनाक मौत



- राउरकेला से मऊ जा रही ट्रक हादसे का शिकार, उप चालक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** रांची–मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित अमझरिया घाटी में रविवार दोपहर लोहे के पाइप से लदी एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में ट्रक चालक की केबिन में दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उप चालक को मामूली चोटें आई हैं।

मृतक की पहचान पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बसना निवासी राम सेवक पाल उर्फ भोला पाल के रूप में हुई है। वहीं घायल उप चालक सूरज कुमार उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले का निवासी है।

जानकारी के अनुसार ट्रक ओडिशा के राउरकेला से लोहे के पाइप लेकर उत्तर प्रदेश के मऊ जा रही थी। अमझरिया घाटी में ओवरटेक के दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रक सड़क किनारे पलट गई। हादसे के दौरान ट्रक में लदे भारी पाइप आगे खिसक गए और चालक केबिन में दब गया।

सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह एवं पुलिस अवर निरीक्षक संतदेव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों तथा झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी के सहयोग से क्रेन की मदद से चालक के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि अमझरिया घाटी को दुर्घटना संभावित क्षेत्र माना जाता है, जहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं।

# 25.67 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25.67 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम गिद्धौर-पैक्सा सड़क किनारे तीन युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े थे। सूचना मिलने पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम भावसाहेब नागरगोजे के निर्देश पर गठित टीम ने गिद्धौर अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा की उपस्थिति में छापेमारी की। तलाशी के दौरान तीनों के पास से कुल 25.67 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों में हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी शुभम कुमार (19) एवं रोशन कुमार (22) तथा बिहार के गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मौसंधा निवासी सुमित कुमार (20) शामिल हैं। अभियान में पुलिस निरीक्षक विपिन कुमार, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## टोरी-चंदवा आरओबी निर्माण का मामला केंद्र तक पहुंचा

**चंदवा।** टोरी-चंदवा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण को लेकर अब राष्ट्रीय स्तर पर पहल शुरू हो गई है। राजस्थान के सीकर से सांसद एवं लोकसभा में सीपीआई(एम) के उपनेता अमरा राम ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि तीन अप्रैल 2021 को फ्लाईओवर का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था, लेकिन चार वर्ष बीतने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने टोरी स्टेशन के पश्चिमी छोर पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज के अधूरे रहने का भी मुद्दा उठाया। पत्र में कहा गया है कि टोरी जंक्शन हावड़ा-दिल्ली मुख्य रेलमार्ग का महत्वपूर्ण स्टेशन है। आरओबी नहीं होने के कारण रेलवे फाटक पर लंबा जाम लगता है, जिससे एंबुलेंस, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानी होती है। सांसद ने केंद्र सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य शुरू कराने का आग्रह किया है।

## सीएलए एक्ट के फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बारियातू।** बारियातू पुलिस ने सीएलए एक्ट के एक लंबे समय से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि बालूमाथ थाना के तत्कालीन तथा वर्तमान बारियातू थाना कांड संख्या 36/2021 में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 341, 379, 323, 385, 387 एवं सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत वांछित अभियुक्त महेंद्र कुमार गंझू (27), पिता कृष्णा गंझू, ग्राम मरगड्डा, थाना कुंदा, जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। वह बारियातू थाना कांड संख्या 12/2025 में भी वांछित था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# 15 वर्षों से बीमारी से जूझ रहे रंजीत, इलाज के लिए परिवार ने लगाई मदद की गुहार

- वेल्लोर में इलाज के लिए चाहिए पांच लाख रुपये, पत्नी बोलीं- अब सरकारी सहायता ही आखिरी उम्मीद

**मनीष सिन्हा**



**लातेहार।** मानिका प्रखंड के जुंगुर गांव निवासी रंजीत शर्मा पिछले 15 वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। लंबे इलाज के दौरान परिवार अपनी जमीन-जायदाद और जमा-पूंजी खर्च कर चुका है। अब आर्थिक स्थिति ऐसी हो गई है कि आगे का इलाज कराना मुश्किल हो गया है।

रंजीत की पत्नी उर्मिला ने पति की जान बचाने के लिए प्रशासन और समाज से आर्थिक मदद की अपील की है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रंजीत को वेल्लोर रेफर करने की सलाह दी है, जहां इलाज पर लगभग पांच लाख रुपये खर्च होंगे।

उर्मिला ने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर हो चुकी है कि इतनी बड़ी राशि जुटा पाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि रंजीत फिलहाल लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती हैं और परिवार को सरकारी सहायता का इंतजार है।

परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते आर्थिक सहयोग मिल जाए तो रंजीत का इलाज संभव हो सकेगा। परिवार ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मानवीय आधार पर मदद की अपील की है।

# मारवाड़ी युवा मंच का हरित अभियान 53 पौधे लगाए और वितरित किए

- पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, घर-घर पहुंचकर बांटे पौधे

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** मारवाड़ी युवा मंच, चंदवा शाखा ने 'सृजन से सम्मान तक' अभियान के 25वें वर्ष के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत देवनद नदी तट, निर्माणाधीन शवदाह गृह, पुस्तकालय स्कूल तथा पतराटोली विद्यालय परिसर में नीम, पीपल और बेल के पौधे लगाए गए। मंच के सदस्यों ने मारवाड़ी समाज के घर-घर जाकर पौधों का वितरण भी किया तथा उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 53 पौधों का रोपण किया गया। इसमें अध्यक्ष विक्रम शर्मा, सचिव सुमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रोशन अग्रवाल सहित मंच के कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# प्रांतीय मेधा सूची में स्थान बनाने वाली एसवीएम लातेहार की दो छात्राएं सम्मानित

- रूपाली राज और रोशनी कुमारी के साथ अभिभावकों एवं प्रधानाचार्य को भी मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की दो छात्राओं को झारखंड प्रांतीय मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने पर रविवार को रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में आयोजित समारोह में मैट्रिक परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रूपाली राज और रोशनी कुमारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दोनों छात्राओं के अभिभावकों तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी को भी उनकी प्रेरणादायी भूमिका के लिए सम्मान दिया गया।

रूपाली राज की ओर से उनकी माता ममता देवी तथा रोशनी कुमारी की ओर से उनकी माता ममता गुप्ता ने सम्मान ग्रहण किया। समारोह में विद्या भारती, झारखंड के अध्यक्ष रामावतार नारसरिया सहित कई शिक्षाविदों एवं पदाधिकारियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ज्योति चौधरी, उपाध्यक्ष प्रीति भारती, सचिव राजीव रंजन कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडे, सह सचिव सुधांशु दुबे, दिनेश महलका, डॉ. एस.के. सिंह, प्रमोद कुमार सहित विद्यालय परिवार ने छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्य को बधाई दी।

# परहैया टोला में गहराया पेयजल संकट आदिम जनजाति के लोग परेशान



- जलमीनार और नल-जल योजनाएं ठप, पंचायत समिति सदस्य ने की शीघ्र मरम्मत की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** कामता पंचायत के चटुआग, दामोदर, हिसरी, जोबिया तथा आसपास के परहैया टोलों में पेयजल संकट गंभीर हो गया है। जलमीनार एवं नल-जल योजनाओं के बंद रहने से आदिम जनजाति (पीवीटीजी) और अनुसूचित जनजाति समुदाय के दर्जनों परिवारों को पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि चटुआग परहैया टोला का जलमीनार पिछले 15 दिनों से खराब है, जबकि नल-जल योजना भी पर्याप्त समय तक संचालित नहीं हो रही है। दामोदर परहैया टोला में मोटर और स्टार्टर मरम्मत के लिए ले जाए जाने के बाद अब तक नहीं लगाए गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि हिसरी, जोबिया और कुजरी टोला की कई जलापूर्ति योजनाएं भी लंबे समय से बंद हैं। अयुब खान ने संवेदक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से अविलंब हस्तक्षेप कर सभी खराब योजनाओं की मरम्मत कराने तथा नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# जामडीह के लिए स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेंद्र 30 किमी दूर बनने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

- ग्रामीणों ने विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत का लगाया आरोप, डीसी ने जांच का दिया आश्वासन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड की ओरसा पंचायत के जामडीह गांव के लिए स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण कथित रूप से 30 किलोमीटर दूर चैनपुर प्रखंड के सेमरबुढ़नी गांव में कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण विभाग और ठेकेदार पर मिलीभगत कर योजना का स्थल बदलने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, जामडीह में 55 लाख रुपये की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति मिली थी। आरोप है कि निर्माण सामग्री पहुंचाने में कठिनाई का हवाला देकर बिना ग्रामसभा की अनुमति और सार्वजनिक सूचना के निर्माण स्थल बदल दिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि सेमरबुढ़नी में भवन का लगभग 25 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और पहली किस्त की राशि भी जारी हो चुकी है।



भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता मनीष कुमार ने कहा कि जामडीह में भूमि विवाद होने के कारण ग्रामीणों की सहमति से निर्माण कार्य सेमरबुढ़नी में शुरू कराया गया। हालांकि जामडीह के ग्रामीणों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि उनसे किसी प्रकार की सहमति नहीं ली गई और न ही ग्रामसभा में कोई प्रस्ताव पारित हुआ। पंचायत की मुखिया अमृता देवी ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए इसे सरकारी नियमों का उल्लंघन बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि जामडीह में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनने से आसपास के पांच-छह गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलता।

इस संबंध में उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर अभियान को गंभीरता से लें, समय रहते कराएं मतदाता सूची में सुधार : एसडीएम

- बीएलओ घर-घर पहुंचकर भरवा रहे फॉर्म, लोगों से प्रक्रिया पूरी करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य तेज गति से चल रहा है। प्रशासन ने लोगों से समय रहते मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा अन्य त्रुटियों को दूर कराने की अपील की है। महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी सुलेमान गुंडारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं और नागरिकों को इस अवसर का लाभ उठाकर समय पर आवश्यक सुधार करा लेना चाहिए, ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने बताया कि नाम जोड़ने, हटाने अथवा नाम, आयु और पते में संशोधन के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। समय पर प्रक्रिया पूरी करने से बाद में अनावश्यक भागदौड़ से बचा जा सकेगा।

# बारीसाखी गांव में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




- ग्रामीणों को नि:शुल्क कानूनी सहायता और अधिकारों की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), चतरा के तत्वावधान में गिद्धौर प्रखंड के बारीसाखी गांव में नालसा-झालसा योजना के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अधिकार मित्र पवन कुमार, सुरेश प्रसाद राणा एवं कुमारी शारदा भारती के नेतृत्व में आयोजित शिविर में ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता, स्थायी लोक अदालत, घरेलू हिंसा अधिनियम, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल अधिकार तथा कैदियों के अधिकारों सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

शिविर में बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, महिलाएं, अनुसूचित जाति-जनजाति, दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही लोगों को टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से कानूनी सहायता लेने तथा लोक अदालत के जरिए कम समय और कम खर्च में न्याय प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों की कानूनी जिज्ञासाओं का मौके पर समाधान किया गया।

# गांव-गांव पहुंचे विधायक प्रकाश राम ग्रामीणों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

- सड़क, पेयजल, आवास, सिंचाई और भूमि विवाद समेत कई मुद्दों पर समाधान का दिया भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने रविवार को पकरी, दीरीदाग, चेताग और ओल्हेपाठ सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

चेताग गांव में बिमला मसोमात और सतेंद्र उरांव सहित कई ग्रामीणों ने पेयजल, आवास और सड़क की समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। वहीं अन्य ग्रामीणों ने भूमि विवाद, सिंचाई, पुल-पुलिया और तालाब निर्माण जैसी समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में विकास कार्यों की गति धीमी पड़ गई है और कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। टोरी आरओबी निर्माण योजना रद्द होने पर चिंता जताते हुए उन्होंने राज्य सरकार से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को विधानसभा में भी मजबूती से उठाया जाएगा।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय यादव, कृष्णा यादव, पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान, सुनील पांडे, मनोहर साव, मंडल अध्यक्ष अखिलेश भोक्ता, नामेश्वर गुप्ता, अनिक प्रजापति, अर्जुन साव, बिनोद साव, मोहम्मद अनवर, शैलेश सिंह, अशोक साव, आशीष ओझा, जितेंद्र साव, सोहराय भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 15 किलोमीटर दूर मिलता है राशन, सड़क जर्जर और नदी पर पुल नहीं

- देवबार गांव के ग्रामीणों ने पीडीएस दुकान, सड़क और पुल निर्माण की उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मनिका।** मनिका प्रखंड की सिंजो पंचायत स्थित देवबार गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। गांव के लोगों को राशन लेने के लिए 15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जबकि जर्जर सड़क और नदी पर पुल नहीं होने से आवागमन भी बेहद कठिन बना हुआ है।

ग्राम प्रधान बालेश्वर सिंह ने बताया कि गांव में जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकान नहीं होने से ग्रामीणों को दूर जाकर राशन लाना पड़ता है। राशन लेकर लोगों को पैदल लौटना पड़ता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और गरीब परिवारों को सबसे अधिक परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक पहुंचने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर है। बरसात में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी कठिनाई होती है। कई बार मरीजों को खाट पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने देवबार नदी पर पुल निर्माण की भी मांग की है। उनका कहना है कि पुल नहीं होने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को बरसात के दिनों में जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है।

सिंजो पंचायत के मुखिया पति एवं समाजसेवी सहायक सिंह ने कहा कि करीब एक हजार की आबादी वाले इस गांव में अधिकांश दलित एवं आदिवासी परिवार रहते हैं, लेकिन आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों ने उपायुक्त संदीप कुमार से पीडीएस दुकान की स्वीकृति, सड़क निर्माण और पुल निर्माण कराने की मांग की है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने हत्या पीड़ित परिवार से की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के बड़ागाईं निवासी अरुण कुमार राणा एवं नेहा कुमारी की नृशंस हत्या की सूचना मिलते ही भाजपा लोहरदगा जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, अनुसूचित जनजाति नेता पवन तिग्गा, रामचन्द्र गिरि, रमेश राणा, राजन राणा, पंचायत की मुखिया कैली उरांव सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने करंज थाना प्रभारी से दूरभाष पर घटना की जानकारी लेते हुए मामले में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# लोहरदगा-रांची मेमू की लेटलतीफी पर उठे सवाल

- कनेक्टिंग एक्सप्रेस ट्रेनें छूटने से यात्रियों को आर्थिक नुकसान
- एक्सप्रेस और मालगाड़ियों को प्राथमिकता देने का रेलवे पर लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा और रांची रेलखंड पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए इन दिनों रेल यात्रा सुगम होने के बजाय भारी मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना का कारण बन गई है। इस रूट पर चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन, जिसे लोहरदगा जिले की आर्थिक और सामाजिक 'लाइफ लाइन' माना जाता है, इन दिनों अपनी चरमराई समय-सारिणी के लिए सुर्खियों में है। लगातार हो रही लेटलतीफी के कारण इस ट्रेन से सफर करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। इस रेलखंड के जरिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में नौकरीपेशा लोग, स्कूली व कॉलेज के छात्र-छात्राएं, गंभीर मरीज और छोटे-बड़े व्यापारी रांची और लोहरदगा के बीच आवागमन करते हैं। ट्रेन के अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चलने के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है। कर्मचारियों को दफ्तरों में लेट-लटीफी की वजह से कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण कक्षाएं और परीक्षाएं छूट रही हैं। सबसे संवेदनशील स्थिति उन मरीजों की है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स या अन्य बड़े अस्पतालों में समय पर पहुंचना होता है, लेकिन ट्रेन की लेट-लतीफी उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है।ट्रेन की इस अनिश्चितता का सबसे ज्यादा खामियाजा उन दूरदराज के यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें रांची या हटिया स्टेशन से आगे देश के अन्य बड़े महानगरों जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, पटना, और भुवनेश्वर के लिए कनेक्टिंग एक्सप्रेस ट्रेनों को पकड़ना होता है। मेमू के विलंब से पहुंचने के कारण आए दिन यात्रियों की आगे की ट्रेनें छूट जा रही हैं। ऐसे में यात्रियों को न केवल महंगे दामों पर दोबारा टिकट बुक करानी पड़ रही है, बल्कि स्टेशन पर रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे आम यात्रियों को भारी वित्तीय चपत लग रही है। स्थानीय दैनिक यात्रियों और व्यापारिक संगठनों का कहना है कि कम किराया, आरामदायक सफर और सीधे जुड़ाव के कारण यह मेमू ट्रेन हमेशा से क्षेत्र के लोगों की पहली पसंद रही है। बसों की तुलना में यह काफी किफायती है, यही वजह है कि मध्यम और निम्न वर्ग के लोग इस पर पूरी तरह निर्भर हैं। लेकिन रेलवे की घोर लापरवाही के कारण अब इसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान लग गए हैं। यात्रियों का आरोप है कि एक्सप्रेस ट्रेनों और मालगाड़ियों को पास देने के चक्कर में इस लोकल मेमू ट्रेन को छोटे स्टेशनों या आउटर पर घंटों खड़ा रख दिया जाता है, जिससे आम जनता की सहूलियत को ताक पर रख दिया जाता है। परेशान यात्रियों और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने रांची रेल मंडल और पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन से इस समस्या का तुरंत संज्ञान लेने की मांग की है। यात्रियों का कहना है कि जब तक ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय सारिणी के अनुसार सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक इस रूट की उपयोगिता शून्य रहेगी।

# लोहरदगा में सेवा भारती का 213वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- 49 लोगों ने उठाया लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला सेवा भारती, लोहरदगा की ओर से चुन्नीलाल स्कूल परिसर में रविवार को 213वें निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 49 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। इस दौरान हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, रक्तचाप (बीपी), वजन, हार्टबीट और ऑक्सीजन लेवल की जांच निःशुल्क की गई। साथ ही अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें भी रियायती दर पर उपलब्ध कराई गईं।

जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती बीमारियों को देखते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और सेवा भारती समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुमुद अग्रवाल ने बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने आसपास पानी जमा नहीं होने देने, उबला हुआ पानी पीने तथा मच्छरदानी के नियमित उपयोग की सलाह दी। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं अतुल सर्राफ ने बताया कि सेवा भारती द्वारा प्रत्येक रविवार सुबह एक घंटे का निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक करना और समय पर चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि शिविर में लगातार बढ़ रही लोगों की भागीदारी समाज के विश्वास और सेवा भारती के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रमाण है। शिविर में सेवा भारती के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# नाबालिग बच्ची लापता, पिता ने पुलिस से लगाई बरामदगी की गुहार

- पुलिस ने आवेदन के आधार पर सनहा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है।

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत अंतर्गत पतलो गांव से एक नाबालिग बच्ची के लापता होने का मामला सामने आया है। बच्ची के पिता ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर उसे सकुशल खोजने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, पतलो निवासी मनोज कुजूर ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी नाबालिग पुत्री मनिता कुजूर 6 जुलाई 2026 की सुबह से घर से लापता है। परिवार के लोगों ने अपने स्तर पर आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पिता ने सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने आवेदन के आधार पर सनहा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर पुलिस विभिन्न संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रही है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी को नाबालिग बच्ची के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल सेन्हा थाना अथवा उसके परिजनों को सूचित करें, ताकि बच्ची को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

# सेन्हा में बीएलओ ने संभाला मोर्चा

- मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेज
- योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्रों के नाम हटाने की प्रक्रिया जारी
- 2003 की मतदाता सूची को आधार मानकर भरवाए जा रहे हैं विशेष प्रपत्र

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा (लोहरदगा)।** भारत निर्वाचन आयोग और प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी के निर्देशानुसार सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों (बूथों) पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा घर-घर जाकर योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्रों के नाम हटाने का काम किया जा रहा है। इस गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ अपने-अपने निर्धारित मतदान क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर रहे हैं।,
नए और पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया जा रहा है।

इसके आधार पर सभी योग्य नागरिकों से एसआईआर के विशेष प्रपत्र (फॉर्म) भरवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, चुनाव आयोग के कड़े दिशा-निर्देशों के तहत क्षेत्र के वैसे मतदाता जो अब अपात्र हो चुके हैं (जैसे स्थान परिवर्तन या मृत्यु के मामले), उनका नाम भी मतदाता सूची से विलोपित (हटाने) करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के आम नागरिकों में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और लोग मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में जुटे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता



- कई ग्रामीणों को किया गया जागरूक
- जेएमएम और कांग्रेस नेताओं ने अरु पंचायत के विभिन्न गाँवों का किया दौरा
- 2003 की मतदाता सूची के आधार पर की जा रही मैपिंग, 13 प्रकार के दस्तावेज हैं जरूरी

नवीन मेल सवांददाता

**सेन्हा (लोहरदगा)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल और त्रुटिरहित बनाने के लिए अब राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। प्रखंड क्षेत्र में बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पार्टी कार्यकर्ता न केवल सहयोग कर रहे हैं, बल्कि आमजनों को जागरूक कर योग्य मतदाताओं के नाम दर्ज कराने पर जोर दे रहे हैं।इसी कड़ी में रविवार को झामुमो कार्यकर्ता सह अल्पसंख्यक मोर्चा मंत्री प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी ने संयुक्त रूप से अरु पंचायत के विभिन्न गाँवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अभियान के प्रति जागरूक किया और स्थानीय बीएलओ से मिलकर एसआईआर कार्य का जायजा लिया। विदित हो कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार झारखंड में अप्रैल महीने से ही वर्ष 2003 की मतदाता सूची के आधार पर वर्तमान सूची की मैपिंग का काम किया जा रहा था। इस प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का विवरण जुटा रहे हैं और परिवार के सदस्यों के आधार पर फैमिली चार्ट तैयार किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदान की योग्यता रखने वाले सभी पात्र मतदाताओं को 13 प्रकार के निर्धारित दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी जा रही है। आवेदन के समय मतदाताओं को स्वयं और अपने माता-पिता के अलग-अलग प्रमाणित दस्तावेज जमा करने होंगे, जिसमें नागरिकता, पहचान, निवास और निर्वाचन से जुड़े प्रमाण शामिल हैं।

## सेमरा बड़ा बस्ती में बिजली संकट गहराया

# 55 परिवार अंधेरे में रहने को विवश

नवीन मेल संवाददाता




**भंडरा ।** प्रखंड के सेमरा बड़ा बस्ती में बिजली संकट गहराता जा रहा है। बस्ती में लगा ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा है। नतीजा - 55 परिवार अंधेरे में जीने को विवश हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग का कोई अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ट्रांसफार्मर खराब होने से पूरे गांव की बिजली गुल है। ग्रामीणों का कहना है कि रात होते ही पूरा गांव अंधकार में डूब जाता है। बरसात के मौसम में सबसे बड़ी दिक्कत सांप-बिच्छू का खतरा है। बिना रोशनी के घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया मोबाइल चार्ज करने के लिए 1 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई ठप है। रात में लालटेन के सहारे गुजर-बसर हो रही है।बिजली न होने से सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हो रही है।

वहीं चापानल और मोटर नहीं चलने से पेयजल की भी किल्लत हो गई है। महिलाओं को पीने के पानी के लिए दूर-दराज जाना पड़ रहा है।ग्रामीणों का सबसे बड़ा आरोप है कि हर महीने बिजली का बिल समय पर लिया जाता है, लेकिन सेवा के नाम पर शून्य। स्थानीय ग्रामीणो ने कहा, 15 दिन पहले ही विभाग को मौखिक सूचना दे दी थी। जेई और लाइनमैन को फोन भी किया, लेकिन आज तक नया ट्रांसफार्मर लगाने कोई नहीं आया। विभाग पूरी तरह बेपरवाह है। लगातार हो रही अनदेखी से ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# एसआईआर कार्य की उपायुक्त ने की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने आज गूगल मीट के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य से जुड़े जिले के वरीय पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंडवार गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा करते हुए सभी एईआरओ को गणना प्रपत्र के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि डिजिटाइजेशन कार्य समय पर पूर्ण किया जाना आवश्यक है, क्योंकि 5 अगस्त 2026 को सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी का 31वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

# सात बच्चों से शुरू हुआ विद्यालय आज बना वटवृक्ष: धनंजय प्रसाद

- विद्यालय के सचिव यदुनंदन तिवारी ने सभी को 31वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए छात्रों को अनुशासन का महत्व समझाया

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बड़की चाँपी का 31वां स्थापना दिवस एवं दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह रविवार को विद्यालय प्रांगण में बेहद उत्साहमय और भावुक वातावरण में संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के इस संगम में जहां एक ओर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं दूसरी ओर घर के बुजुर्गों को 'देवतुल्य' सम्मान देकर नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक धनंजय प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष अनुपदेव पौराणिक, उपस्थित अभिभावकवृंद, मातृशक्ति एवं प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों ने भारत माता, ॐ और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्पार्चन किया और भारत माता की आरती उतारी। इसके बाद प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने सभी अतिथियों का परिचय कराया और उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह का सबसे भावुक और मुख्य आकर्षण दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह रहा। विद्यालय के भैया-बहनों ने दीपों से सजी थाल लेकर अपने देवतुल्य दादा-दादी और नाना-नानी को तिलक लगाया, उनकी आरती उतारी और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहाः "दुनिया की सबसे कीमती चीज किसी तिजोरी में नहीं, बल्कि हमारे बुजुर्गों के आशीर्वाद में होती है। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, उस घर में खुशियां हमेशा मुस्कुराती हैं।" विद्यालय के विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कक्षा 9वीं की छात्रा तनु कुमारी ने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया। इसके बाद प्रधानाचार्य ने विद्यालय का वृत्त कथन (वार्षिक रिपोर्ट) प्रस्तुत करते हुए स्कूल की रूपरेखा और उपलब्धियों को सबके सामने रखा। संरक्षक धनंजय प्रसाद ने भावुक होते हुए कहा कि जिस विद्यालय की नींव 12 जुलाई 1995 को मात्र 7 भैया-बहनों के साथ रखी गई थी, आज वह 660 विद्यार्थियों के साथ एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने इस सफलता के लिए प्रधानाचार्य और आचार्यों की कड़ी मेहनत व कर्मठता की सराहना की। विद्यालय के सचिव यदुनंदन तिवारी ने सभी को 31वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए छात्रों को अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भैया-बहनों के जीवन में अनुशासनशीलता बेहद आवश्यक है। यह हमें संयमित, संगठित और नियमित बनाता है, जो आगे चलकर हमारी सफलता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उपाध्यक्ष अनुपदेव पौराणिक ने किया, जबकि मंच का सफल संचालन आचार्य नरेश साहू द्वारा किया गया।

कार्यालय

## अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी में छह मामलों की हुई सुनवाई

# न्याय के साथ रिश्तों को भी मिलती है मजबूती : शाहिद

- अदलिया कमिटी का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा करना नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा, विश्वास और पारिवारिक सौहार्द को मजबूत करना है

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की अदलिया कमिटी की साप्ताहिक बैठक रविवार को अंजुमन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमिटी के पदाधिकारियों ने की, जिसमें पारिवारिक एवं भूमि विवाद समेत कुल छह महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान दो मामलों का आपसी सहमति से सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया, जबकि एक मामले को साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर खारिज कर दिया गया। शेष मामलों में आवश्यक सुनवाई के बाद अगली तिथि निर्धारित की गई तथा कुछ मामलों को जांच-पड़ताल के लिए सुरक्षित रखा गया। बैठक में सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलू, नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बबलू, ज्वाइंट सेक्रेटरी अल्ताफ कुरैशी, मोज्जमिल अंसारी, यासीन कुरैशी, मीनू खान, सेराज अंसारी, बब्बन तथा ऑफिस सेक्रेटरी अब्दुल कलाम तेगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।सुनवाई के दौरान पहला मामला सिसई और सोरंदा बांध टोली के पति-पत्नी के बीच पारिवारिक मतभेद से संबंधित था, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराते हुए विवाद का समाधान कराया गया। दूसरा मामला जुरिया बनाम ओयना का था, जिसकी सुनवाई के बाद अगली तिथि निर्धारित की गई। तीसरा मामला पंडरी बनाम मसमानो के पारिवारिक विवाद का था, जिसका भी आपसी सहमति से निपटारा कर दिया गया। सोमवार बाजार स्थित भूमि विवाद और कुरैशी मोहल्ला के भूमि विवाद की भी सुनवाई हुई। इनमें एक मामले में अगली तिथि तय की गई, जबकि दूसरे मामले को खारिज कर दिया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि अदलिया कमिटी का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा करना नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा, विश्वास और पारिवारिक सौहार्द को मजबूत करना है। कमिटी में आने वाले सुलह योग्य मामलों का समाधान दोनों पक्षों की सहमति और आपसी समझ के आधार पर किया जाता है, जिससे न्याय के साथ-साथ रिश्तों की गरिमा भी बनी रहती है। उन्होंने जिले के मुस्लिम समाज से अपील की कि छोटे-छोटे विवादों को अदालत तक ले जाने के बजाय पहले अदलिया कमिटी के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रयास करें, ताकि समय, धन और आपसी संबंध—तीनों की रक्षा हो सके।

# भाजपा जिला समिति की मासिक बैठक संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री मनीर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। माह में हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी माह की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी संगठन के निर्देशित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आवंटित दायित्वों का समयबद्ध एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने डिजिटल लर्निंग, वृक्षारोपण अभियान और 'मन की बात' कार्यक्रम को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जोर दिया।

# पांच माह से वेतन नहीं, फिर भी मरीजों की सेवा में जुटे स्वास्थ्यकर्मी

● सदर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने मौन प्रदर्शन कर जताई पीड़ा, बकाया भुगतान की मांग

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** सदर अस्पताल, गुमला में कार्यरत आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों ने पांच माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में रविवार को अनोखे ढंग से मौन प्रदर्शन किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने शरीर पर मांगों से जुड़े पोस्टर चिपकाए और मुंह पर 'चुप रहो' लिखी पट्टी बांधकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

प्रदर्शन के दौरान पोस्टरों पर 'पांच माह से वेतन नहीं, फिर भी मरीजों की सेवा कर रहे हैं', 'सेवा करना ही हमारा धर्म है' और 'वेतन नहीं तो कम से कम तीन वक्त का भोजन ही दे दीजिए' जैसे संदेश लिखे थे। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि महीनों से वेतन नहीं मिलने के बावजूद वे पूरी निष्ठा से मरीजों की सेवा कर रहे हैं, लेकिन अब परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कुछ कर्मियों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर आरोप लगाया कि वेतन की मांग करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नियुक्ति के समय आउटसोर्सिंग कंपनी ने प्रत्येक कर्मी से करीब डेढ़ लाख रुपये लिए थे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

स्वास्थ्यकर्मियों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## तीन वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार




● पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को भेजा हिरासत में, जांच जारी

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने गांव के ही 18 वर्षीय युवक सुनील लोहारा को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है।

परिजनों के अनुसार शनिवार शाम आरोपी बच्ची को खेलने के बहाने अपने घर ले गया, जहां उसने वारदात को अंजाम दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को घर ले आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घाघरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है तथा मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## सांप के डंसने से वृद्ध की मौत



● रात में हाथ की उंगली में काटा, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र के रुकी गिरजा टोली गांव में जहरीले सांप के डंसने से पतरस बारला की मौत हो गई।

मृतक के भाई बरनाबस बारला ने बताया कि शनिवार रात सभी लोग भोजन कर सो गए थे। तड़के करीब एक बजे पतरस बारला ने परिजनों को बताया कि उनके हाथ की उंगली में सांप ने काट लिया है। कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाघरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

## रायडीह में युवक का शव फंदे से लटका मिला जांच में जुटी पुलिस

**रायडीह (गुमला)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग पंदन टोली निवासी 30 वर्षीय राजेश राम का शव शनिवार देर रात उनके घर में गमछे के सहारे फंदे से लटका मिला। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार राजेश दिन में खेत में काम करने के बाद शाम को घर लौटे थे। रात में भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उन्हें फंदे से लटका पाया। उन्हें तत्काल नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई दिलीप राम ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जानकारी परिवार को नहीं है और किसी पारिवारिक विवाद की भी बात सामने नहीं आई है। राजेश अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## 'सुरक्षा ही जीवन का आधार', चैनपुर पुलिस ने वाहन चालकों को दिलाया संकल्प

● सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नियमों के पालन की दिलाई शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर (गुमला)।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को चैनपुर थाना क्षेत्र में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया।

बस स्टैंड के समीप थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया तथा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े सात संकल्पों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस दौरान हेल्मेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशामुक्त होकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान में सब-इंस्पेक्टर विजय उरांव, एएसआई संतोष धर्मपाल लुगुन सहित पुलिस बल के अन्य जवान मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में कौशल विकास केंद्र के रसोइये की मौत, भांजा गंभीर

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के बिरकेरा गांव निवासी 40 वर्षीय सैहुन कुजूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उनके 18 वर्षीय भांजे आशु लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से बिरकेरा गांव से मरदा की ओर जा रहे थे। मांझाटोली के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सैहुन कुजूर को मृत घोषित कर दिया। आशु लकड़ा का इलाज जारी है। बताया गया कि सैहुन कुजूर कौशल विकास केंद्र में रसोइये के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## विधायक की पहल पर बघनी इस्लामपुर में लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर

● एक सप्ताह बाद बहाल हुई बिजली, विधायक प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के बघनी इस्लामपुर गांव में विधायक जिग्गा सुसारण होरो की पहल पर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति ठप थी। बरसात के मौसम में अंधेरे के साथ बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। ग्रामीण चमन अंसारी ने इसकी जानकारी विधायक को दी, जिसके बाद त्वरित पहल करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर जुल्फान अंसारी, विकास महली, बासु उरांव, चमन अंसारी, निजावत अंसारी, मौलाना अदनान, हाफिज रिजाउल, मुस्तफा अंसारी, खलील अंसारी, खालिद साहब, शमशाद अंसारी, शमशेर अंसारी, कलीम साहब सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेंची गांव में जंगली हाथी का आतंक, मिट्टी-खपरैल का घर तोड़ा



● रसोईघर ध्वस्त, 30 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड की साल्वे पंचायत अंतर्गत रेंची गांव में शनिवार देर रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने एक मिट्टी-खपरैल के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे रसोईघर में रखा बर्तन एवं अन्य घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

पीड़ित मोहन यादव ने बताया कि रात करीब 12 बजे तेज आवाज सुनकर परिवार के सभी सदस्य किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। हाथी ने घर के रसोई वाले हिस्से को निशाना बनाया, जिससे मकान का बाहरी भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने लगभग 30 हजार रुपये से अधिक की क्षति होने का दावा किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों की आवाजाही से लोग भय के साये में जी रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने तथा हाथियों को आबादी से दूर जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।

## जेएलकेएम नेता सूरज सिंह के परिजनों से मिले जेएमएम युवा नेता

● निष्पक्ष जांच की मांग, जयराम महतो पर भेदभावपूर्ण रवैये का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**मयूरहंड (चतरा)।** जेएलकेएम नेता सूरज कुमार सिंह की गिरफ्तारी के बाद उनके पैतृक गांव बेला में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के देवघर जिला युवा अध्यक्ष एवं चंद्रवंशी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल सिंह चंद्रवंशी समर्थकों के साथ बेला गांव पहुंचे और सूरज कुमार सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

ग्रामीणों ने राहुल सिंह चंद्रवंशी का अंगवस्त्र एवं धार्मिक चित्र भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की। मीडिया से बातचीत में राहुल सिंह चंद्रवंशी ने जेएलकेएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम महतो पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक मामले में पार्टी नेतृत्व ने देवेंद्र महतो को जेल जाने से बचाया, जबकि केंद्रीय सदस्य सूरज कुमार सिंह के मामले में समान व्यवहार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए।

इस दौरान गांव में पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों और समर्थकों के बीच व्यापक चर्चा होती रही। स्थानीय लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो सकती हैं। मौके पर राजू चंद्रवंशी, बाबूलाल चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, शिवकुमार चंद्रवंशी, दशरथ चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## कोल परिवहन बहाली और जाम हटाना नए थाना प्रभारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती

● अमित कुमार गुप्ता ने संभाला सिमरिया थाना का प्रभार, कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को बताया प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में अमित कुमार गुप्ता ने रविवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह से प्रभार लिया। पदभार संभालने के बाद अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करना तथा नो-एंट्री व्यवस्था का सख्ती से पालन कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित पुलिस कार्रवाई और जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए पुलिस हर समय तत्पर रहेगी। नए थाना प्रभारी को ऐसे समय में जिम्मेदारी मिली है, जब देल्हो में सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ जवान की मौत के बाद पिछले तीन दिनों से कोयला परिवहन पूरी तरह ठप है। इसके कारण क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गई हैं और यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। आम लोगों और राहगीरों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जाम हटाकर यातायात को सामान्य बनाना तथा प्रशासनिक निर्णय के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से कोल परिवहन की बहाली सुनिश्चित करना नए थाना प्रभारी के सामने पहली और सबसे बड़ी चुनौती मानी जा रही है।

## श्री बजरंग बली मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 15 से

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो के शांतिनगर स्थित नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 15 जुलाई से भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। मंदिर समिति के सदस्य प्रदीप बैठा ने बताया कि पहले दिन महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता से कलश यात्रा निकाली जाएगी। 16 जुलाई को वैदिक रीति-रिवाज के साथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा, वेदी पूजन एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 17 जुलाई को हवन, पूर्णाहुति और श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान का लाभ उठाने की अपील की है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## सिस्टर मरिया को भावभीनी विदाई, फादर शिंजो और फादर अंकित का स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को प्रार्थना सभा के बाद विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूर्णिया स्थानांतरित हुईं सिस्टर मरिया गोरेटी को भावभीनी विदाई दी गई, जबकि जर्मनी से लौटे फादर शिंजो एवं फादर अंकित का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फादर राजेश बारला एवं चर्च समिति के सदस्यों ने सिस्टर मरिया को पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में सिस्टर मरिया ने बरवाडीह में मिले स्नेह और सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फादर शिंजो और फादर अंकित का भी चर्च परिवार की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुनीता टोप्पो, माधुरी टोप्पो, एस. बारला, निर्मल ओड़िया, प्रतिमा टोप्पो, अनु, शोशंति कुजूर सहित चर्च समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उत्कल ब्राह्मण परिषद युवा मंच ने श्रद्धा के साथ किया श्री सत्यनारायण पूजन

● पूजा में उमड़ा समाज का उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उत्कल ब्राह्मण परिषद युवा मंच, गुमला के तत्वावधान में रविवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल पॉइंट में भगवान श्री सत्यनारायण की विधिवत पूजा-अर्चना, कथा, आरती, प्रसाद वितरण एवं सहभोज का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं अन्य समाजबंधुओं ने सपरिवार भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना के बाद श्री सत्यनारायण कथा का वाचन, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात आयोजित सहभोज में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्री सत्यनारायण की आराधना सत्य, धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश देती है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में परिषद ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अनियंत्रित होकर पलटी स्कूटी, दो युवक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**जारी (गुमला)।** जारी थाना क्षेत्र के पाकटोली-दमगड़ा अंबा के समीप शनिवार देर शाम एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घायलों की पहचान चटकपुर निवासी शशि केरकेट्टा (पिता- पीटर केरकेट्टा) तथा थेदोर केरकेट्टा (पिता- क्लेमेंट केरकेट्टा) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों जशपुर के पैकू गांव से मेहमानी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पाकटोली-दमगड़ा अंबा के पास स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में शशि केरकेट्टा के सिर और माथे पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि थेदोर केरकेट्टा के नाक तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने शशि केरकेट्टा की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं थेदोर केरकेट्टा का इलाज चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

**विचार प्रवाह** मैं प्रार्थनागृह में प्रार्थना में बैठी थी- मैं अपने जीवन में आपनेवाली किसी परिस्थिति में विषय में सोच रही थी, जिसने मुझे आशंका से भर दिया था। मैं जानती थी कि ईश्वर की इच्छा नहीं है कि मैं उस अनुभव से बचूं। उस क्षण भी वह मेरी ओर बढ़ रहा था। अचानक प्रभु ने मुझे वह प्रार्थना बतायी जो उन्हें स्वीकार्य होगी, और मैंने तुरंत कहा- मेरे जीवन की किसी भी परिस्थिति को न बदलें, मुझे बदलें। **- स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# भीड़तंत्र अहंकार और आबादी

**इंडिया**



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कुछ दशक पूर्व भारत सहित पूरी दुनिया में बढ़ती जनसंख्या चर्चा और चिंता के केंद्र में थी, वहीं आज घटती जनसंख्या को लेकर मंथन किए जा रहे हैं। भारत जहां जनसंख्या के आधार पर वोट बैंक बनाए जाते रहे हैं और मुसलमानों पर जनसंख्या बढ़ाकर देश की राजनीति पर हावी होने या भविष्य में जबरन धर्मांतरण जैसे आरोप लगाए जाते हैं और बहुसंख्यक आबादी के एक वैचारिक संगठन आरएसएस द्वारा घटती हिंदू आबादी पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक बच्चे पैदा करने की अपील तक चर्चा में रही है ऐसे में 1975 में कांग्रेस सरकार के राजपाट में आपातकाल के दौरान देशहित में जबरन नसबंदी भी फिर चर्चा में है। अभी तेजी से बढ़ती जनसंख्या भारत की विकास की गति को अवरुद्ध भी कर रही है तो महानगरीय और प्रतिस्पर्धी जीवन शैली में बहुत से एकल परिवार या तो बच्चे पैदा ही नहीं कर रहे या एक ही बच्चे को पर्याप्त मान रहे हैं जबकि वैश्विक चिंतन अलग है।इस संदर्भ में इस शताब्दी की शुरुआत में फ्रांस समेत यूरोप के कई देशों की जनसंख्या संबंधी नीति में उन देशों में बच्चे पैदा करने, विशेष तौर पर तीसरे बच्चे, के लिए अनेकानेक प्रोत्साहन-जैसे सवेतन अवकाश, रेल यात्रा में छूट, सरकारी परिलाभ आदि प्रचलित थे। उस समय भारत जहां बढ़ती आबादी से जूझ रहा था, वहीं वे देश घटती जन्म दर और प्रवासी श्रमिकों पर बढ़ती निर्भरता को लेकर चिंतित थे। हालांकि, भारत दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है, पर वर्तमान युवा पीढ़ी की संतानोत्पत्ति के प्रति बढ़ती बेरुखी के चलते, आने वाला समय निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण होने वाला है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया में पिछले बीस वर्षों में बाल विवाह की दर आधी रह गई है। इसकी बड़ी वजह युवाओं आई जागरूकता और उत्तम जीवन शैली की ललक, बेरोजगारी, आवास की लागत और समाज की बदलती सोच है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में युवा शादी से दूरी बना रहे हैं। इसके पीछे अच्छा जीवनसाथी या स्थायी नौकरी न मिलना, आर्थिक परेशानियां और निजी आजादी में कमी का डर जैसे कारण हैं। यह सभ्यता और प्रकृति के स्थापित नियमों के लिए सकारात्मक लक्षण नहीं है। जीने की औसत आयु और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता में बढ़ोतरी और सामाजिक परिवर्तन के चलते बच्चे पैदा करना अब लोगों की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। इसके अलावा संकोच और सामाजिक वर्जनाओं के कारण परिवारों में शादी, यौन संबंध, गर्भधारण और मातृत्व जैसे विषयों पर खुलकर बात नहीं हो पाती। यही बंधन विद्यालयों में भी है। जिस कारण हर स्तर पर लोगों के अपने अलग-अलग विचार हैं। इन विषमताओं को देखते हुए अब युवाओं के लिए रुकावटें खड़ी करने के बजाय नए विकल्प तैयार करने की सोच पर जोर दिया जा रहा है। अस्सी के दशक में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया व नेशनल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की ओर से विद्यालयों में पारिवारिक जीवन शिक्षा के तहत इन विषयों हेतु अभियान चलाया गया था, पर वह बहुत सफल नहीं हो सका। वर्तमान सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस विषय को प्रमुखता से प्रसारित करने की इच्छा जाहिर की है। युवा से वृद्ध होती आबादी के लिए चीन और जापान के उदाहरण सामने हैं कि अभी समय रहते कदम उठाए जाने चाहिए। इसी कारण इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जनसंख्या दिवस की थीम युवाओं की इच्छाओं और जरूरतों पर केंद्रित रखी है, ताकि वे अपने अधिकारों का सही उपयोग करते हुए अपनी पसंद का बेहतर भविष्य बना सकें। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं में संवाद द्वारा भविष्य की असुरक्षा और व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए आने वाली संतति के लिए उपयुक्त वातावरण और अवसर के प्रति आश्वस्त किया जाए। बढ़ती जनसंख्या, एआई जैसी चुनौतियों और वोट बैंक की राजनीति ने स्थाई अवसर कम किए हैं जिससे भविष्य असुरक्षित भी लग रहा है तो दूसरी ओर सामाजिक बदलावों के कारण परिवारों में आपसी विश्वास व समझ कम हुई है, जिससे दूरी और टकराव बढ़ा है। ऐसे में दूरी भले हो पर सहयोग से परिवार की ताकत का एहसास कराना और वैचारिक दूरियों को कम करना जरूरी है, ताकि तेजी से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव की गति को रोका जा सके। हर व्यक्ति को इस विषय पर जागरूक होकर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। सबसे जरूरी बात यह कि धार्मिक आधार पर वर्चस्व के लिए एकजुटता से यदि राजनीति चलाई जाएगी तो उसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है और भविष्य के लिए खतरनाक भी, ताजा उदाहरण वैश्विक उथल -पुथल है जिसमें केंद्र में सर्वहित नहीं बल्कि धार्मिक वर्चस्व या अहंकार जनित शक्ति प्रदर्शन है। यहां एक दिलचस्प बात यह है कि आधुनिक हथियारों और धनबल से संपन्न अमेरिका, इंग्लैंड जैसे देशों में कड़े आव्रजन नियमों के कारण अपनी कम आबादी बाधक नहीं है जबकि भारत में उल्टा है।

# समुद्र पर बनेगा भारत का पहला हवाई अड्डा

**आज की बात**



**महेंद्र तिवारी**

**अरब सागर में पुनः प्राप्त भूमि पर बनने वाला यह एयरपोर्ट भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की नई पहचान बनेगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट की क्षमता इसे विश्व के प्रमुख हवाई अड्डों की श्रेणी में ला सकती है। योजना के अनुसार यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन और लगभग 30 लाख मीट्रिक टन कार्गो की आवाजाही की व्यवस्था होगी। दो समानांतर रनवे विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे बड़ी संख्या में विमानों का संचालन संभव हो सकेगा**



एआई जेनरेटेड

भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार उसकी आधुनिक अवसंरचना है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने सड़क, रेल, बंदरगाह, मेट्रो, एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डों के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार देखा है। अब इसी श्रृंखला में एक और ऐतिहासिक पहल जुड़ने जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के निकट पालघर जिले के कोरे बीच के पास भारत का पहला ऑफशोर अर्थात समुद्र आधारित हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह परियोजना निर्धारित योजना के अनुसार साकार होती है तो यह केवल एक नया एयरपोर्ट नहीं होगा, बल्कि भारत की विमानन क्षमता, समुद्री इंजीनियरिंग, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह परियोजना देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा कर सकती है जिन्होंने समुद्र से भूमि तैयार कर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है।

ऑफशोर एयरपोर्ट का विचार अपने आप में अत्यंत आधुनिक और दूरदर्शी है। सामान्यतः हवाई अड्डे विशाल भूमि पर बनाए जाते हैं, लेकिन महानगरों में भूमि की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है। बढ़ती आबादी, तेजी से फैलते शहर और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सामाजिक तथा कानूनी चुनौतियां नई परियोजनाओं को कठिन बना देती हैं। ऐसे में समुद्र के भीतर कृत्रिम भूमि तैयार कर उस पर एयरपोर्ट का निर्माण एक व्यावहारिक विकल्प बनकर उभरा है। जापान का कंसाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस अवधारणा के सफल उदाहरण हैं। भारत में भी अब इसी दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। अरब सागर में पुनः प्राप्त भूमि पर बनने वाला यह एयरपोर्ट भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की नई पहचान बनेगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट की क्षमता इसे विश्व के प्रमुख हवाई अड्डों की श्रेणी में ला सकती है। योजना के अनुसार यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन और लगभग 30 लाख मीट्रिक टन कार्गो की आवाजाही की व्यवस्था होगी। दो समानांतर रनवे विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे बड़ी संख्या में विमानों का संचालन संभव हो सकेगा। यह क्षमता केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि आने वाले कई दशकों की मांग को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जा रही है।

मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है। यहां स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल है। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के बावजूद भविष्य में यात्रियों और माल परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रस्तावित ऑफशोर एयरपोर्ट इस चुनौती का दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। इससे न केवल मुंबई क्षेत्र के हवाई यातायात का दबाव कम होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और माल परिवहन के लिए भी नई संभावनाएं खुलेंगी। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी संपर्क तंत्र है। प्रस्तावित एयरपोर्ट को वधावन बंदरगाह, मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे तथा प्रस्तावित उत्तन विरार सी लिंक से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त समर्पित माल गलियारे और अन्य सड़क संपर्क भी विकसित किए जाएंगे। इससे हवाई, समुद्री, रेल और सड़क परिवहन का ऐसा समन्वित नेटवर्क तैयार होगा जो भारत में मल्टीमॉडल परिवहन का उत्कृष्ट उदाहरण बन सकता है। यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और माल परिवहन की लागत तथा समय दोनों में कमी आएगी। वधावन बंदरगाह स्वयं भारत की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री परियोजनाओं में गिना जा रहा है। यदि उसके साथ विशाल कार्गो क्षमता वाला एयरपोर्ट भी विकसित हो जाता है तो पश्चिमी भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का नया केंद्र उभर सकता है। समुद्री मार्ग से आने वाला माल कम समय में हवाई मार्ग से देश और विदेश भेजा जा सकेगा। इसी प्रकार हवाई मार्ग से आने वाला उच्च मूल्य का सामान सीधे बंदरगाह तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे निर्यात और आयात दोनों क्षेत्रों को गति मिलेगी तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका और मजबूत होगी।

पालघर जिला लंबे समय तक मुंबई महानगर क्षेत्र के बाहरी हिस्से के रूप में देखा जाता रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में यहां औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं, फिर भी इसकी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पाया है। ऑफशोर एयरपोर्ट बनने के बाद इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक्स पार्क, होटल, पर्यटन, आवासीय परियोजनाएं और सेवा क्षेत्र तेजी से विकसित हो सकते हैं। हजारों प्रत्यक्ष और लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। स्थानीय युवाओं को निर्माण, विमानन, आतिथ्य, सुरक्षा, परिवहन और तकनीकी सेवाओं में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलन भी कम हो सकता है। इतनी विशाल परियोजना के साथ कई तकनीकी और पर्यावरणीय चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। समुद्र से भूमि तैयार करना अत्यंत जटिल इंजीनियरिंग कार्य है। समुद्री धाराओं, ज्वार भाटा, तटीय पारिस्थितिकी, समुद्री जीवों, मछुआरा समुदाय और जलवायु परिवर्तन जैसे अनेक पहलुओं का गहन अध्ययन आवश्यक होगा। इसलिए सरकार ने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें तकनीकी, वित्तीय और पर्यावरणीय पहलुओं का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा। किसी भी बड़े विकास कार्य में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। यदि इन पहलुओं की अनदेखी की गई तो दीर्घकाल में परियोजना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य से इस्पात, सीमेंट, मशीनरी, इंजीनियरिंग, परिवहन और निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद विमानन, पर्यटन, व्यापार, ई कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और निर्यात आधारित उद्योगों में नई ऊर्जा आएगी। विदेशी निवेशकों के लिए भी यह क्षेत्र अधिक आकर्षक बन सकता है क्योंकि आधुनिक परिवहन अवसंरचना निवेश का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। इससे महाराष्ट्र के साथ साथ पूरे पश्चिमी भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी।

भारत ने पिछले दशक में विमानन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। छोटे शहरों तक हवाई सेवाएं पहुंचाने की योजनाओं से लेकर नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के निर्माण तक अनेक प्रयास किए गए हैं। आज भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। ऐसे समय में ऑफशोर एयरपोर्ट जैसी परियोजना यह संकेत देती है कि देश केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि भविष्य की मांग को ध्यान में रखकर दीर्घकालिक योजना बना रहा है। यह दृष्टिकोण विकसित भारत की अवधारणा के अनुरूप भी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सवाधीनता आंदोलन के अप्रतिम योद्धा : रामेश्वर महतो

**अलग बात**



**विजय केसरी**

झारखंड के महान स्वाधीनता सेनानी रामेश्वर महतो जी का जीवन त्याग और बलिदान से ओतप्रोत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वे स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ने के बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश की आजादी के नाम कर दिया था। वे आजीवन गांधी की राह पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाते रहे थे। देश की आजादी के बाद वे जीवन पर्यंत शिक्षा का अलख जगाते और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष रत रहे थे । वे देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ० राजेंद्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद, बाबू राम नारायण सिंह जैसे बड़े राष्ट्रीय नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहे थे। अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें कई बार पकड़ने की कोशिश की थी, लेकिन रामेश्वर महतो हर बार फरार हो जाया करते थे। 1940,रामगढ़ में सम्पन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53 वां महाधिवेशन में रामेश्वर महतो ने एक स्वयंसेवक के रूप में सराहनीय योगदान दिया था। संत विनोबा भावे के भूदान यज्ञ आंदोलन में भी उनकी महती भूमिका रही थी। उनके प्रयास से भूदान यज्ञ आंदोलन को झारखंड में बड़ी सफलता मिली थी। महात्मा गांधी ने जब रामगढ़ अधिवेशन में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, छुआछूत, अशिक्षा, अंधविश्वास जैसी कुरीति के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का ऐलान किया था। इस एलान का रामेश्वर महतो पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वे सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे थे। उनका जीवन सत्य और अहिंसा से ओतप्रोत था। वे सहज, सरल और मृदुभाषी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए हजारीबाग जिला में कांग्रेस का जबरदस्त संगठन खड़ा किया था। रामेश्वर महतो जी का बचपन बहुत ही कठिनाइयों के दौर से गुजरा था। उनका जन्म सन 1906 में हजारीबाग जिला के ग्राम चंदा में जरूर हुआ था, लेकिन उनका पालन पोषण मेरू के एक रिश्तेदार तेज नारायण महतो के घर हुआ था। उनकी शिक्षा मात्र मिडिल तक ही हो पाई थी। जब वे मात्र छः माह के थे, तब उनकी माता का देहावसान हो गया था। जब वे एक वर्ष के हुए तो उनके पिताजी का निधन हो गया था। उन्हें पढ़ने की प्रबल इच्छा थी, लेकिन वे पारिवारिक उलझनों के कारण आगे पढ़ नहीं पाए थे। बचपन से ही उनमें सामाजिक समाज सेवा करने की प्रवृत्ति रही थी। वे खुद भूखे रहकर दूसरे को अपना भोजन दे दिया करते थे। ईश्वर पर उन्हें बड़ी आस्था गहरी आस्था थी। वे विपरीत परिस्थितियों में भी कभी विचलित नहीं होते थे, बल्कि उसका सामना पूरी शक्ति के साथ किया करते थे। कृषक के घर जन्म लेने के कारण वे जीविकोपार्जन के लिए कम उम्र में ही खेती किसानी से जुड़ गए थे। उनकी शादी कम उम्र में ही कर दी गई थी। रामेश्वर महतो की पढ़ाई मिडिल तक जरूर हुई थी, लेकिन उनमें ज्ञान अर्जन करने की अद्भुत क्षमता थी। वे नियमित रूप से पुस्तकें और अखबार पढ़ा करते थे। वे अपने विचारों को अपने गांव के मित्रों के समक्ष रखा करते थे। रामेश्वर महतो के विचार सुनकर उनके मित्र गण काफी प्रभावित हो जाते थे। उनके कई मित्र कहा करते थे कि रामेश्वर महतो एक दिन जरूर कुछ बड़ा करेगा। उनके मित्रों की बात सच साबित हुई। रामेश्वर महतो ने महात्मा गांधी के आह्वान पर अपना संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन के नाम कर दिया था। उन्होंने हजारीबाग जिला अंतर्गत ग्राम चंदा में कांग्रेस का एक बड़ा संगठन तैयार किया था। जिसमें काफी संख्या में युवा सम्मिलित हुए थे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय एवं संविधान सभा के सदस्य बाबू राम नारायण सिंह के साथ मिलकर स्वाधीनता आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए हजारीबाग जिला में भी कांग्रेस का एक बड़ा संगठन भी तैयार किया था। उन्होंने रामगढ़ के पूर्व विधायक सह स्वाधीनता सेनानी मोतीराम ठाकुर जी के साथ ग्राम चंदा में कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी रैली का आयोजन किया था। जिसकी चर्चा आज भी ग्राम चंदा में होती है। इस रैली के बाद ब्रिटिश हुकूमत के सिपाहियों ने रामेश्वर महतो को गिरफ्तार करने के लिए एड़ी चोटी एक कर दिया था। लेकिन वे सब रामेश्वर महतो को गिरफ्तार कर नहीं पाए थे। रामेश्वर महतो उन सबों की आंखों के सामने से ऐसे भाग खड़े होते थे कि किसी को पता ही नहीं चल पाता था। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हजारीबाग केंद्रीय कारा में बंद राष्ट्रीयनेताओं के पत्रों को आंदोलनकारियों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बड़ी निराली होती थी। हजारीबाग के जिला कलेक्टर को इस बात की जानकारी सीआईडी द्वारा मिल गई थी। इसके बावजूद हजारीबाग जिला प्रशासन रामेश्वर महतो को गिरफ्तार नहीं कर पाए थे। रामेश्वर महतो स्वाधीनता आंदोलन के साथ समाज में सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे।

स्वाधीनता सेनानी रामेश्वर महतो की 13 वीं पुण्यतिथि



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## वर्षा ऋतु



**अशोक 'प्रवुद्ध'**

नभ पर काले मेघ घिरे हैं,
आषाढ़ मास अब आया है।
चातक की प्यासी आंखों ने,
सावन का संदेशा पाया है।
तपती धरती शांत हुई अब,
पहली बूंद जो गिरी धरा पर।
सौंधी-सौंधी महक
उठी है, वन-उपवन और हर
चौखट पर।
सावन की रिमझिम फुहार ने, मन में नया तरंग जगाया।
झूला झूलें सखियां मिलकर, कजरी का
सुर जग में छाया।
हरियाली की चादर ओढ़े, प्रकृति ने श्रृंगार किया है।
विरहिन बैठी बाट निहारे, पी ने कैसा नेह दिया है।
भादों की रातें हैं काली, बिजली चमके चम-चम नभ में।
दादुर-मोर मचाते शोर हैं, जिया डरे अब सूने घर में।
नदियां उफान पर बहती जाएं, सागर से
मिलने की चाह में।
झर-झर बरस रहा है सावन, बाधा आई हर इक राह में।
क्वार मास ने कदम बढाया, बादल अब
छंटने को आए।
धूप-छांव का खेल शुरू है, ताल-तलैया
सब भर आए।
वर्षा की विदाई बेला है, निर्मल हुआ गगन का पानी।
धरती मां के आंचल में अब, पकने लगी धान की धानी।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## दु:खों से ऊपर उठना



**श्री श्री परमहंस योगानंद**

मेरा अपने परमपिता से निरन्तर विवाद रहा है कि मनुष्यों को, जो उनके प्रतिबिम्ब में बने हैं, उनके ही पास वापस लाने के लिए पीड़ा ही कसौटी क्यों है? मैं परमपिता से कहता हूं कि पीड़ा में एक विवशता है; प्रेरणा और प्रेम मानव को स्वर्ग में वापस लाने के श्रेष्ठतर उपाय हैं। यद्यपि मैं उत्तर जानता हूँ, तथापि मैंने परमपिता से इन बातों पर सदा झगड़ा किया है, क्योंकि 'वे' मुझे समझते हैं; जैसे एक पिता अपने पुत्र को समझता है। यह संसार कितना दु:खद है! यह अनिश्चितता का स्थान है। परन्तु आपके साथ चाहे कुछ भी हुआ हो, यदि आप स्वयं को परमपिता के चरणों में रख देते हैं, और उनकी दया की याचना करते हैं, तो वे आपको उठा लेंगे तथा आपको दिखा देंगे कि जीवन मात्र एक स्वप्न है। मैं आपको एक छोटी कहानी सुनाऊँगा। एक राजा सो गया और उसने स्वप्न में देखा कि वह निर्धन था। वह अपनी नींद में कुछ भोजन पाने के लिए, मात्र एक पैसे के लिए रो रहा था। अन्ततः, रानी ने उसे जगाया और कहा, "आपको क्या हो गया है? आपका ख़ज़ाना सोने से भरा पड़ा है और फिर भी आप एक पैसे के लिए रो रहे हैं।" तब राजा ने कहा, "ओह, मैं कितना मूर्ख था। मैंने सोचा कि मैं एक भिखारी था और उस पैसे की कमी के कारण भूखा मर था आऔर उस पैसे की कमी के क रहा था।" ऐसा ही प्रत्येक उस आत्मा का भ्रम भी है जो यह स्वप्न देख रही है कि वह नश्वर है, और रोग, पीड़ा, कष्टों, हृदय वेदनाओं की सभी प्रकार की बुराइयों के दुःस्वप्नों से प्रभावित है। इस दुःस्वप्न से बच निकलने का एक मात्र तरीका परमात्मा से अधिक चिपके रहना और इस संसार की स्वप्न वस्तुओं में कम आसक्त होना है। **-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

**फेसबुक वॉल से**





**एक्स से**




# 'हनुमानगढ़ी से उठी नमाज की गूंज, बैकफुट पर अखिलेश'

**देश की बात**



**केदारनाथ दास**

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी परिसर में समाजवादी पार्टी के द्वारा नमाज पढ़वाए जाने की घटना का भंडाफोड़ करके अखिलेश यादव को एक तरह से बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस संबंध में योगी जी के दावों की मानें तो समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2003 में हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर तब जुमे की नमाज कराई थी जब उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव जी की सरकार थी और नमाज कराने का आदेश भी उन्हीं का था। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद अयोध्या (फैजाबाद) के तत्कालीन एसएसपी बृजलाल ने हनुमानगढ़ी में नमाज कराने से इंकार कर भी कर दिया था परन्तु सरकार के आदेश के आगे उन्हें झुकना पड़ा और आखिरकार हनुमान गढ़ी की उन पिछली सीढ़ियों पर नमाज पढ़े गए जहां से हनुमान भक्त उतरकर सड़क पर आते हैं। उल्लेखनीय है कि मंदिर अथवा तीर्थस्थलों पर नमाज कराने से न मुलायम सिंह यादव को कभी कोई ऐतराज था और न समाजवादी पार्टी को ही इसपर कोई आपत्ति थी। यह एक बड़ा कारण रहा है जब उत्तराखंड की स्थापना के तुरंत बाद हरिद्वार के हर की पैड़ी के वीआईपी घाट पर भी समाजवादी पार्टी के द्वारा नमाज कराई गई थी। संदर्भवश उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पूरे देश में सुर्खियां बटोरने वाले इस घटना को लेकर धर्मनगरी हरिद्वार में भी काफी कोहराम मचा था। तब भी मुलायम ही यूपी के मुख्यमंत्री थे और इस दौरान तीन दिनों तक हरिद्वार में रुके बैठे थे। उन दिनों समाजवादी पार्टी का तीन दिवसीय प्रादेशिक सम्मेलन हरिद्वार के हर की पैड़ी स्थित इसी वीआईपी घाट पर संपन्न हुआ था और हिन्दूओं के इस आराध्य स्थल में स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद सपाइयों के द्वारा नमाज अदा करने की बातें सामने आई। वैसे तो श्री योगी ने अभी तक हरिद्वार की कोई चर्चा नहीं की है परन्तु बात ही कुछ ऐसी है कि इतिहास निकल कर सामने आ ही जाता है। बहरहाल यह पूरा घटनाक्रम बहुत सीधा है और इस मामले में योगी जी ने कुछ भी गलत नहीं कहा। नतीजा सामने है जब उनकी इस साफगोई, स्पष्ट बयान और नमाज की तान छेड़ते ही इतिहास साक्षी बनकर सामने आ खड़ा हुआ और समाजवादी पार्टी व उसके नेता अखिलेश यादव अब बैकफुट पर नजर आने लगे। कल तक ऐसा कुछ भी नहीं था क्योंकि अयोध्या के श्री राम मंदिर में चोरी की अति निंदनीय कृत्य के बल पर श्री यादव मजे से 270 सीट का सपना देखने लगे थे। बताते चलें कि प्रदेश विधानसभा के चुनाव में अभी सात आठ महीने की देर है फिर भी श्री यादव ने सार्वजनिक मंचों से सपना देखने का दावा करना प्रारंभ कर दिया है। उनके इस दावे में कितनी सच्चाई है ये तो वे खुद ही बता सकते हैं परन्तु इस बात से किसी को कोई इनकार नहीं है कि सारा खेल अवधारणा कायम करने का है। इस खेल में श्री अखिलेश ने सपना देखने के बहाने बढ़त लेने की सोच ली तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इसके साथ साथ ऐन मौके पर श्री राम मंदिर में चोरी का मुद्दा भी उनके हाथ लग गया। यह दीगर बात है कि श्री राम मंदिर में चोरी की घटना के उजागर होते ही एक आरोपी छुन्नु यादव के साथ सैकड़ों बार उनके साथ फोन पर बात करने की बातें सामने आ रही हैं। इस तथ्य में कितनी सच्चाई है, उनके बीच आपस में बातचीत हुई या नहीं और हुई हैं तो क्या क्या बातें हुई, अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इन तथ्यों पर से पर्दा उठाने की जवाबदेही एसआईटी की है और वह तमाम तथ्यों की जांच में जुटी हुई भी है परंतु जांच के निष्कर्ष पर पहुंचने के पहले ही एक उंगली श्री यादव की ओर उठने मात्र से अवधारणा बनाने का उनका खेल अब बिगड़ता नजर आने लगा है। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आप में राजनीति के एक चतुर खिलाड़ी हैं। नतीजा सामने है और अब उन्होंने हनुमान गढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज का तान छेड़कर श्री अखिलेश यादव को कायदे से बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। इतना ही नहीं, श्री योगी तो अब श्री अखिलेश को गेरुआ वस्त्र धारण कर कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए मजबूर करने पर मानों तुल से गये हैं। निशाना बहुत साफ है कि राम भक्तों पर गोली चलाने, मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करने और हनुमान गढ़ी की सीढ़ियों में नमाज अदा करने वाली शक्तियों को श्री राम मंदिर चोरी की घटना को चुनावी मुद्दा बनाने व खुद को कट्टर सनातनी बताने का कोई हक ही नहीं है। नतीजा सामने है, जब श्री योगी ने अपने एक दांव से समाजवादी पार्टी को न केवल नमाजी घोषित कर दिया है बल्कि उन्हें चुनावी सपनों के छद्म दायरे में उतारकर सामने रख दिया है। इतना ही नहीं, इस एक दांव से उन्होंने समाजवादियों के साथ साथ तमाम विपक्ष दलों के नकली भक्ति का मुखौटा उतारते हुए यह साफ कर दिया है कि नकली सनातनी कौन है और असली कौन है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आज का दोहा**

दुविधा में हिलने लगे, जब भी कोई पेड़।
समझो उसको वक्त ने दिया कहीं से छेड़।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता नए अवसरों का द्वार

# भारतीय पेशेवरों को मिलेगा बड़ा लाभ : पीयूष गोयल

● समझौते से भारतीय निर्यात, सेवा क्षेत्र को होगा बड़ा लाभ

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच लागू होने जा रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय निर्यात, सेवा क्षेत्र और विदेश में कार्यरत भारतीय पेशेवरों को व्यापक लाभ मिलेगा। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पीयूष गोयल ने कहा कि 15 जुलाई से भारत से यूके भेजे जाने वाले अधिकांश सामानों पर शून्य आयात शुल्क (जीरो इम्पोर्ट ड्यूटी) लागू होगा, जिससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, "भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते ने व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे और देश के निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में कार्यरत भारतीय युवाओं के लिए हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा, "अब तक यूके में दो से पांच वर्ष तक काम करने वाले भारतीय पेशेवरों की आय का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा वहां की सोशल सिक्योरिटी प्रणाली के तहत कट जाता था, जबकि उन्हें उसका प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल पाता था।"इससे पहले मंत्री ने मुंबई में बंट समुदाय द्वारा स्थापित शशिकिरण शेट्टी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के एक कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने बंट समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि समाज के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस संस्थान में अध्ययन करने वाले लगभग 3,000 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी और वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### यूके में कार्यरत कर्मचारियों का पीएफ भारत में जमा होगा

गोयल ने बताया, "भारत और यूके के बीच 'डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट' भी अंतिम रूप ले चुका है, जो 15 जुलाई से प्रभावी होगा। इसके तहत पांच वर्ष तक यूके में कार्य करने वाले भारतीय कर्मचारियों को वहां सोशल सिक्योरिटी योगदान नहीं देना पड़ेगा। इसके बजाय यह राशि भारत में उनके प्रोविडेंट फंड (पीएफ) खाते में जमा होगी, जहां उस पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। यह राशि कर-मुक्त रहेगी और भविष्य में कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनेगी।"

# पीएम मोदी की दस्तक से खुले भारत के लिए बंद पड़े दरवाजे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दृश्य की कल्पना कीजिए! जनवरी 2008, पर्थ। भारत के विशेष दूत एक अरब से अधिक आबादी वाले ऊर्जा-संकट से जूझ रहे देश के लिए यूरेनियम की मांग लेकर उस देश के पास पहुंचे जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े यूरेनियम भंडारों में से एक है। लेकिन उन्हें टका सा जवाब मिला 'नहीं।' भारत से कहा गया, 'पहले परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर करें, वरना वापस जाएं।' भारत वापस लौट गया। अब स्थिति बदल चुकी है। साल 2026, महीना जुलाई और जगह ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं और घोषणा करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया भारतीय परमाणु रिएक्टरों को यूरेनियम देगा। इस बार कोई उपदेश नहीं, कोई शर्त नहीं, भारत द्वारा दशकों से सम्मानपूर्वक अस्वीकार की गई संधि पर हस्ताक्षर करने की मांग नहीं। केवल एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में भारत को दिया गया सम्मान।

भारत के दूत के लिए जो दरवाजा कभी बंद कर दिया गया था, वही दरवाजा अब भारत के नेता के लिए खुला है। इन दोनों दृश्यों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की जकार्ता, मेलबर्न और ऑकलैंड यात्रा की कहानी है। यह केवल यात्रा की कहानी नहीं है, बल्कि उन दरवाजों की कहानी है जो दशकों तक भारत के लिए बंद रहे और अब एक-एक करके खुल रहे हैं।



**चार दशक का अंतर एक सुबह झटके से खत्म**

न्यूज़ीलैंड की कहानी भी इसी बदलाव को दर्शाती है। चार दशकों में पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री न्यूज़ीलैंड गया। व्यापार वार्ताएं वर्षों से लंबित थीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने तेजी से मुक्त व्यापार समझौते को पूरा किया। ऑकलैंड में पारंपरिक 'माओरी पोविरी' स्वागत समारोह के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने नई रणनीतिक साझेदारी और 2030 रोडमैप की घोषणा की, जिसमें समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, साइबर रक्षा, 7 अरब न्यूज़ीलैंड डॉलर के व्यापार लक्ष्य और भारतीय नौसेना तथा न्यूज़ीलैंड रक्षा बल के बीच लॉजिस्टिक्स समझौता शामिल है। अब भारतीय नौसेना का जहाज ऑकलैंड में सहायता और आपूर्ति प्राप्त कर सकता है। यह दर्शाता है कि भारत की समुद्री साझेदारी का विस्तार हिंद महासागर से दक्षिण प्रशांत तक हो रहा है।

### रक्षा क्षेत्र में भारत की नई भूमिका

अगर मेलबर्न ने यह बदला कि भारत क्या खरीद सकता है, तो जकार्ता ने यह बदला कि भारत अब क्या बेच सकता है। सत्तर वर्षों तक भारत की रक्षा कहानी एक खरीदार की कहानी रही, जहां विदेशी राजधानियों के बाहर कतारों में खड़ा होना पड़ता था। जकार्ता में यह स्थिति बदल गई। भारत और इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए समझौते किए। इसके साथ इंडोनेशिया फिलीपींस और वियतनाम के बाद तीसरा देश बन गया जिसने भारतीय रक्षा तकनीक पर भरोसा जताया। इसके अलावा 'अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल प्रणाली' से संबंधित समझौते भी हुए।

### वह ईंधन जिसे देने से इनकार किया गया था!

यूरेनियम का इतिहास पूरी तरह बताया जाना चाहिए, क्योंकि राजनीतिक सुविधा के कारण सबसे पहले स्मृति ही प्रभावित होती है। 2006 में जब अमेरिका भारत के साथ नागरिक परमाणु सहयोग को आगे बढ़ा रहा था, तब ऑस्ट्रेलिया ने इसका समर्थन नहीं किया। 2008 में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहले की सैद्धांतिक सहमति से भी पीछे हट गया। पूरे यूपीए शासनकाल में यही स्थिति बनी रही। दिल्ली ने आग्रह किया, लेकिन कैनबरा ने इनकार किया। हैरानी की बात यह थी कि ऑस्ट्रेलिया लोकतांत्रिक भारत को यूरेनियम देने से इनकार करते हुए चीन को इसकी बिक्री पर चर्चा करता रहा।जब यूपीए सरकार सत्ता से बाहर हुई, तब तक ऑस्ट्रेलियाई यूरेनियम की भारत तक कानूनी आपूर्ति का कोई रास्ता नहीं बना था। सत्ता संभालने के लगभग 100 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2014 में लंबे समय से लंबित नागरिक परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सप्ताह मेलबर्न में अंतिम प्रशासनिक बाधा भी दूर हो गई और आपूर्ति शुरू हो गई, जो भारत के 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य की दिशा में एक कदम है। बदलाव को समझना जरूरी है। बदलाव भारत की उस संधि को लेकर स्थिति में नहीं आया जिसे भारत ने सही कारणों से स्वीकार नहीं किया। बदलाव दुनिया के भारत को देखने के नजरिये में आया और नियमों के पालन के तरीके में आया।

## बद्रीनाथ धाम मंदिर में अनियमितता मामले में एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

**एजेंसी। चमोली**

दो जुलाई को श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर में नगद चढ़ावा गिनती के दौरान कथित हेराफेरी के मामले में गठित विभागीय जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी है। जांच में आरोपी ने एक नहीं बल्कि कई बार चढ़ावे की चोरी की है। सूत्रों की मानें तो चार सदस्यीय जांच टीम ने 18 पन्नों की रिपोर्ट में विस्तार से पूरी घटना और अपनी जांच का ब्योरा दिया है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट में ऐसी घटना न हो इसके लिए सुझाव भी दिए हैं। जांच रिपोर्ट में कमेटी ने बहुत कुछ साफ किया है। साथ ही मंदिर के दान गिनती कक्ष में और सीसीटीवी बढ़ाने, मंदिर के परिक्रमा पथ के सभी ब्लाइंड स्पॉट को सीसीटीवी से लैस करने की बात कही। सूत्रों की मानें तो जांच टीम को घटना के दिन, 2 जुलाई, से मात्र 14 दिन पहले तक के ही फुटेज मिल पाए हैं। पूर्व में लगे सीसीटीवी कैमरे से अधिक अच्छी क्वालिटी के न होने के कारण इनकी स्टोरेज क्षमता मात्र 15 दिनों की ही है। 2 जुलाई को कथित आरोपी पैसों में हेराफेरी करते हुए दिखाई दे रहा है। 14 दिन पूर्व के कुछ फुटेज के कई भाग भी जांच टीम को महत्वपूर्ण लगे हैं। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने 7 जुलाई को अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई की थी।

## राम मंदिर विवाद पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, भरोसे को ठेस पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कई मुद्दों पर बात की, जिनमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के भाजपा पर आरोप, राम मंदिर विवाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का न्यूजीलैंड दौरा शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने आदित्य ठाकरे के उस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है, जिसमें उन्होंने भाजपा को बाबर जनता पार्टी कहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा,"जब राम मंदिर बना था, तो हम सभी ने इसे देश के भविष्य और पुनर्निर्माण के प्रतीक के रूप में देखा था। चढ़ावा चोरी ने उस भरोसे को ठेस पहुंचाई है। उन लोगों का बचाव किया जा रहा है जिनकी आस्था भगवान राम से ज्यादा वीएचपी, आरएसएस और भाजपा में थी और उसी के अनुसार उन्हें ट्रस्टी बनाया गया था।"उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में शामिल सभी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस आरोप पर कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया था, प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "यह पूरी तरह से 'व्हाट-अबाउटरी' (बात घुमाने) वाली बात है।

## बेंगलुरु में महिला से अश्लील हरकत का आरोप, डिलीवरी एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी। बेंगलुरु**



बेंगलुरु में एक महिला ने डिलीवरी एजेंट पर घर में जबरन प्रवेश करने और उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के बाद मराठाहल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी डिलीवरी एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, महिला निलोफर फातिमा ने आरोप लगाया कि एक डिलीवरी एजेंट पार्सल पहुंचाने के लिए उसके घर आया था। महिला का दावा है कि डिलीवरी एजेंट ने वॉशरूम इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी। महिला ने उसे घर के अंदर आने से मना किया और पड़ोसी के घर जाने के लिए कहा लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद वह उसकी अनुमति के बिना घर में प्रवेश कर गया।

महिला ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि वॉशरूम से बाहर आने के बाद डिलीवरी एजेंट ने उसके सामने अश्लील हरकत की। महिला के मुताबिक, इस घटना के बाद वह काफी डर गई और अपने ही घर में असुरक्षित महसूस करने लगी। उसने घटना से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए न्याय की मांग की। महिला ने यह भी दावा किया कि पूरी घटना उसके फोन में रिकॉर्ड हो गई थी।

# परिसीमन की आड़ में पिछले दरवाजे से शासन करना चाहती है केंद्र सरकार : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि परिसीमन की प्रक्रिया 'पिछले दरवाजे से शासन' करने के लिए की गई थी। एक सभा को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर अपने वादों से मुकरने और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने राज्य का दर्जा बहाल होने का बहुत लंबा इंतजार किया है और अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजनीतिक नेताओं, संसद और सुप्रीम कोर्ट के इस आश्वासन के बावजूद कि राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा। केंद्र ने बार-बार अपने वादे तोड़े हैं। लोगों ने केंद्र पर भरोसा किया था, लेकिन उन्हें अधूरे वादे ही मिले। सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के बजाय पिछले दरवाजे से शासन करने में मदद करने के लिए बनाई गई थी। भाजपा 'ऑपरेशन लोटस' के जरिए देशभर में विपक्षी दलों को कमजोर करने और तोड़ने की कोशिश कर रही है।

### भाजपा हमारी सरकार गिराने और नेकां विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस में फूट डालकर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। उमर अब्दुल्ला ने दावा किया कि उनकी पार्टी के विधायकों को पाला बदलने के लिए 20 से 30 करोड़ रुपये तक की पेशकश की गई है। श्रीनगर के हजरतबल में अपनी दादी बेगम अकबर जोहरा की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उनके विधायकों को खरीदने के लिए धनबल का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पैसे और मंत्री पद का लालच काम नहीं आया, तो भाजपा बंद दरवाजों के पीछे विधायकों से कह रही है कि वे उनके साथ आ जाएं और वे उन्हें राज्य का दर्जा दिला देंगे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक विशिष्ट घटना का जिक्र करते हुए दावा किया कि जम्मू क्षेत्र के नेशनल कांफ्रेंस के एक विधायक ने खुद उन्हें इसकी जानकारी दी।

**आज कल**




**रणनीति** भविष्य के युद्धों में तकनीक और संयुक्त सैन्य क्षमता होगी निर्णायक

# नई तकनीक सेना की अनिवार्य जरूरत : चौहान

**एजेंसी। देहरादून**

पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भविष्य के युद्धों में तकनीक, संयुक्त सैन्य क्षमता और बहु-आयामी रणनीति निर्णायक भूमिका निभाएगी। बदलते युद्ध स्वरूप के अनुरूप सशस्त्र बलों को लगातार तैयार करना और नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है।रविवार को सैनिक संस्थान गढ़ी कैंट में ऑल इंडिया गोरखा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मान एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए अनिल चौहान ने कहा कि वह 47 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।




उनका सीडीएस के रूप में कार्यकाल अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा।उन्होंने कहा कि सैनिक हमेशा युद्ध नहीं लड़ता, बल्कि अधिकांश समय युद्ध की तैयारी, रणनीति निर्माण और विभिन्न विकल्पों के साथ समन्वय की तैयारी में लगा रहता है। उन्होंने कहा कि युद्ध में जीत ही लक्ष्य होती है और पराजय कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मई 2025 में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में भारत की सफलता एक बड़ी उपलब्धि रही। ऑपरेशन सिंदूर संयुक्त सैन्य संचालन, एकीकरण और समन्वित रणनीति का उदाहरण था, जिसकी तैयारी तीन वर्ष पहले से की गई थी। युद्ध में जल, थल और वायु सेनाओं के साथ-साथ अंतरिक्ष (स्पेस) और साइबर क्षेत्र की क्षमताओं का भी प्रभावी उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता भारतीय सशस्त्र बलों के लिए संतोषजनक रही। जनरल चौहान ने कहा कि भविष्य के युद्धों में नई तकनीकों को अपनाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक युद्ध अलग होता है और उसके अनुरूप नई रणनीति विकसित करनी पड़ती है। सेना को निरंतर नई तकनीक सीखने और स्वयं को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढालने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और सैन्य व्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रह सकती। देशवासियों का सशस्त्र बलों के प्रति विश्वास और स्नेह उनकी सबसे बड़ी धरोहर है। यह सम्मान किसी व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि संस्था के प्रति होता है। इसलिए प्रत्येक सैनिक को अपने कर्तव्य, अनुशासन, ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

## दृष्टिपात

### बंगाल की खाड़ी में 4.5 तीव्रता का भूकंप विशाखापत्तनम समेत कई इलाकों में लगे झटके

**विशाखापत्तनम।** रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में आए 4.5 तीव्रता के भूकंप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और आसपास के कई जिलों में हल्के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 5:05 बजे आए इन झटकों से कुछ देर के लिए लोगों में परेशानी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली। भूकंप के झटके विशाखापत्तनम शहर के गाजुवाका, मंगलापालेम, सागर नगर, पेड्डा वाल्टेयर, अरिलोवा, एमवीपी कॉलोनी, अप्पुघर सहित कई इलाकों में महसूस किए गए। इसके अलावा अनकापल्ली, विजयनगरम, काकीनाडा और कोनसीमा जिलों के कुछ हिस्सों से भी झटके महसूस होने की खबरें सामने आई हैं। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) के अनुसार, रविवार सुबह बंगाल की खाड़ी में रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का हल्का भूकंप दर्ज किया गया, जिसके कारण विशाखापत्तनम के कई इलाकों में कंपन महसूस हुआ। वहीं, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप सुबह 5:05:46 बजे आया। इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में काकीनाडा तट से लगभग 225 किलोमीटर दूर स्थित था। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर दर्ज की गई। इसका केंद्र 16.805 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 84.381 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था।

### पुलिस ने कीचड़ उछलने को लेकर हुई हत्या मामले में पांच नाबालिगों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि सभी लड़कों ने गुरुवार को गलती से कीचड़ उछलने के बाद 34 वर्षीय व्यक्ति की चाकू से हत्या कर दी थी। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच और स्थानीय आधार पर जुटाई गई जानकारी के बाद सभी पांच नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया गया। उनसे वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित बंसी लाल पुरानी दिल्ली की लाला लाजपत राय मार्केट में एक सीसीटीवी की दुकान पर काम करते थे। वे अशोक विहार इलाके में केशव पुरम की तरफ प्रेम बारी पुल के पास बेहोश हालत में मिले। उनके सीने, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू के कई घाव थे। उन्हें तुरंत दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि नहर के पास वाली जगह पर कीचड़ जमा था और लोग अक्सर वहां खुले में शौच के लिए जाते थे। बंसी लाल भी शौच के लिए उसी कीचड़ वाली जगह से गुजर रहे थे, तभी लड़कों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। झगड़े के दौरान एक नाबालिग ने कथित तौर पर चाकू निकाला और बंसी लाल पर कई बार वार किए।

### बिहार : वैशाली में रास्ते के विवाद ने लिया खूनी रूप, पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले में रास्ते के पुराने विवाद ने रविवार को खूनी रूप ले लिया। बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव में पट्टीदारों के बीच हुई फायरिंग में सेना के एक जवान और उनके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जबकि सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव के वार्ड संख्या पांच की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रास्ते को लेकर पट्टीदारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार रात भी दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। रविवार सुबह एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने अपने चचेरे भाई मुनारिक राय और उनके पुत्र जितेंद्र कुमार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से मुनारिक राय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल जितेंद्र कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र कुमार भारतीय सेना में जवान के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

### कोलकाता में फर्जी पुलिस बनकर कारोबारी से दो करोड़ की लूट, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर एक कारोबारी से दो करोड़ रुपये की ठगी और लूट करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से पांच लाख रुपये भी बरामद किए हैं। टॉलीगंज थाना क्षेत्र स्थित प्रतापादित्य रोड पर एक कारोबारी के कार्यालय में हुई थी। गिरोह के सदस्य खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कार्यालय पहुंचे और दावा किया कि यहां रखा गया नकद धन अवैध तरीके से कमाया गया है। आरोपियों ने फर्जी पुलिस पहचान पत्र दिखाए और कारोबारी तथा कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों को डराया-धमकाया और नकदी के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। उन्होंने कर्मचारियों पर दबाव बनाकर संदूक खुलवाया और उसमें रखे करीब दो करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए। कुछ घंटे बाद कारोबारी और कार्यालय प्रबंधन ने टॉलीगंज थाने की पुलिस से संपर्क किया। तब उन्हें पता चला कि कार्यालय में आए लोग असली पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि फर्जी पुलिस बनकर लूट करने वाला गिरोह था। इसके बाद मामले की शिकायत दर्ज कराई गई।

### परमहंस आचार्य ने की योगी को राम मंदिर ट्रस्ट का आजीवन सदस्य बनाने की मांग

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने आग्रह किया है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नए ट्रस्टियों की नियुक्ति पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जाए, ताकि राम मंदिर की गरिमा और प्रतिष्ठा बनी रहे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्रस्ट का आजीवन सदस्य बनाए जाने की मांग भी उठाई है।परमहंस आचार्य ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पूरे विश्व के सनातनियों की आस्था का केंद्र है। इसलिए ट्रस्ट में किसी भी नई नियुक्ति से पहले सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या मंदिर की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली स्थिति पैदा न हो। उन्होंने अपने पत्र में यह भी आग्रह किया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, चंपत राय, अयोध्या के प्रमुख संत देवेंद्र प्रसादाचार्य तथा वैदेही वल्लभ शरण जैसे संतों को ट्रस्ट में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।परमहंस आचार्य ने इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक ताकतें ट्रस्ट को प्रभावित करने का प्रयास कर सकती हैं।

### पश्चिम बंगाल में अवैध मदरसों की जांच के लिए 18 सदस्यीय समिति का हुआ गठन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग ने राज्य के 12 जिलों में संचालित अवैध और गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की पहचान के लिए चल रहे सर्वेक्षण की समीक्षा हेतु 18 सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिन्हें आमतौर पर 'खारिजी मदरसा' कहा जाता है। जानकारी के अनुसार यह समिति 15 जुलाई से संबंधित जिलों का दौरा शुरू करेगी और 21 जुलाई तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग को सौंपेगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर विभाग आगे की प्रशासनिक कार्रवाई करेगा। जिन 12 जिलों में समीक्षा की जाएगी, उनमें कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, नदिया, हुगली, हावड़ा, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। जून के पहले सप्ताह में राज्य सरकार ने जिला अधिकारियों (डीएम) को निर्देश जारी कर अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों की विस्तृत रिपोर्ट 5 जुलाई तक राज्य सचिवालय नबान्न को भेजने को कहा था। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, जिला अधिकारियों से प्राप्त प्रारंभिक रिपोर्टों के आधार पर इन 12 जिलों की पहचान की गई है, जहां बड़ी संख्या में गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित होने की आशंका है।




# अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर हमले के बाद ईरान पर किया तीसरा बड़ा अटैक

## सेंटकॉम ने कहा, ट्रंप के कमांडर-इन-चीफ के तौर पर दिए गए आदेश पर हुआ है यह ऑपरेशन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर से बढ़ने लगा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में साइप्रस के झंडे वाले जहाज पर हमला किया। इसके बाद अमेरिका ने ईरान पर हमले तेज किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, अमेरिका की सेना पूर्वी समय के अनुसार शाम 7.15 बजे (भारतीयी समयानुसार रविवार सुबह 4.45 बजे) हमले शुरू किए। कमांड ने बताया कि यह ऑपरेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कमांडर-इन-चीफ के तौर पर दिए गए आदेश के बाद शुरू किया गया। सेंटकॉम के अनुसार, जहाज पर हमले के बाद एक नागरिक क्रू सदस्य लापता हो गया। आग लगने और इंजन रूम को भारी नुकसान पहुंचने के कारण जहाज बीच रास्ते में ही फंस गया। लापता क्रू सदस्य किस देश का नागरिक है, इसका भी खुलासा नहीं हुआ है। कमांड ने कहा, "एक नागरिक क्रू सदस्य लापता है और जहाज पर आग लगने व इंजन रूम को काफी नुकसान पहुंचने के कारण वह अपनी यात्रा जारी रखने में असमर्थ है।", अमेरिकी सेनाओं ने ईरान के खिलाफ इस हफ्ते हमलों का तीसरा दौर शुरू किया। यह कार्रवाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की सेनाओं की ओर से होर्मुज से गुजर रहे साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज 'एम/वी जीएफएस गैलेक्सी' पर हमला करने के बाद की गई।" हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने उन जगहों की पहचान नहीं बताई, जहां हमले किए गए। उसने यह भी नहीं बताया कि ऑपरेशन में किन हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा था। अमेरिकी सेना ने कहा कि कमर्शियल जहाजों पर पहले हुए हमलों के बाद तेहरान को समझौते के पालन करने का एक और मौका दिया गया था, लेकिन वह फिर से विफल रहा।



### इंटरसेप्शन के दौरान गिरे मलबे से एक बच्चे समेत तीन लोग घायल

**दोहा।** अमेरिका के बड़े हमलों के जवाब में ईरान ने रविवार को खाड़ी देशों को निशाना बनाया। जॉर्डन, कतर, बहरीन, कुवैत, ओमान और यूएई पर ताबड़तोड़ हवाई हमले शुरू कर दिए। सभी देशों ने इस हमले की सख्त शब्दों में निंदा की है। इस बीच कतर के गृह मंत्रालय ने बताया है कि तीन लोग घायल हो गए हैं। सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर इस हमले की जानकारी दी गई। कतर के गृह मंत्रालय के अनुसार, ईरानी हमलों के बाद सुरक्षा अधिकारियों और नागरिक सुरक्षा टीमों ने स्वीकृत आपातकालीन योजनाओं के अनुसार काम शुरू कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार हादसा इंटरसेप्शन के दौरान मलबा गिरने से हुआ। प्राप्त रिपोर्ट्स और मौके पर किए गए आकलनों के आधार पर मंत्रालय ने बताया कि "मलबा गिरने के कारण तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यह मलबा इंटरसेप्शनअभियानों के दौरान गिरा। घायलों को आवश्यक चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है।" वर्तमान हालात को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### ईरानी स्पीकर गालिबाफ बोले, एकतरफा समझौतों का दौर खत्म

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हवाई हमले बढ़ गए हैं। टकराव की रफ्तार में इजाफा पूरी दुनिया के लिए चिंता की वजह बना हुआ है। इस बीच ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने स्पष्ट किया कि अब एकतरफा समझौतों का दौर खत्म हो चुका है। अपने कड़क और तीखे तेवरों के लिए पहचाने जाने वाले गालिबाफ ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर अपनी राय जाहिर की। उन्होंने लिखा, "हमने पहले ही कहा था- वादा निभाओ, नहीं तो कीमत चुकाओ। अब हकीकत सामने है।" उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ अमेरिका-ईरान समझौता मसौदे के अनुच्छेद-5 की तस्वीर भी साझा की। यह अनुच्छेद होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने से जुड़ा है। इसी को लेकर विवाद बढ़ा और उसने फिर से सैन्य टकराव का रुख अख्तियार कर लिया है। इस बीच, ईरानी सेना ने अमेरिका से जून में हुए समझौते (एमओयू) का पालन करने को कहा है। ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमीनिया के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका की दखलअंदाजी और वैकल्पिक समुद्री रास्ता बनाने की कोशिश से क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सेना होर्मुज स्ट्रेट में देश के अधिकारों की पूरी मजबूती से रक्षा करेगी। ईरान ने ये भी कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही से जुड़े भविष्य के फैसले केवल ईरान और ओमान की आपसी सलाह से होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बताया कि शनिवार को मस्कट में दोनों देशों के कानूनी और तकनीकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई।

## वियतनाम सरकार ने नाव हादसे की विस्तृत जांच के दिए आदेश

# दुर्घटना में 15 भारतीय टूरिस्ट की मौत

**एजेंसी। हनोई**

वियतनाम के प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग ने फु क्वोक आइलैंड के पास स्पीडबोट पलटने की घटना की पूरी जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में 15 भारतीय टूरिस्ट की मौत हो गई थी। साथ ही, उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद जारी एक आधिकारिक मैसेज में प्रधानमंत्री क्वोक ने मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई और मंत्रालयों, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय अधिकारियों को सभी मौजूद मेडिकल रिसोर्स, दवाइयां और इमरजेंसी मदद पहुंचाने का निर्देश दिया।

अधिकारियों के अनुसार, रजिस्ट्रेशन नंबर एजी-26751 वाली स्पीडबोट, 32 भारतीय टूरिस्ट, तीन क्रू मेंबर और एक वियतनामी टूर गाइड को मई रुट नगोई आइलेट से एन थोई इंटरनेशनल पोर्ट ले जा रही थी, जब दोपहर करीब 1 बजे तेज हवाओं के कारण यह किनारे से करीब 400 मीटर दूर पलट गई। बचाव दल ने तुरंत ऑपरेशन शुरू किया और दोपहर 3:30 बजे तक, उन्होंने जहाज पर सवार सभी 36 लोगों को रेस्क्यू किया। उनमें से 21 लोग जिंदा बचे थे, जबकि हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत की पुष्टि हुई।

एन गियांग प्रांत के अधिकारियों के अनुसार, बरामद की गई पांच लाशों को किएन गियांग जनरल हॉस्पिटल में रखा गया है, जबकि बाकी 10 को हो ची मिन्ह सिटी के चो रे हॉस्पिटल में ट्रांसफर कर दिया गया है। अधिकारी पहचान और दूसरी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर रहे हैं।



### नाव हादसे के बाद वियतनामी राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी को भेजे शोक संदेश

वियतनाम के शीर्ष नेताओं ने रविवार को टूरिस्ट नाव हादसे के बाद भारतीय नेताओं के प्रति अपनी संवेदना जताई। इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई थी। उन्होंने भारत के लोगों और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति जताई। एन गियांग प्रांत के तट पर स्थानीय समयानुसार शनिवार को खराब समुद्री हालात में एक टूरिस्ट स्पीडबोट पलट गई। उन्नीस लोगों के सुरक्षित होने की खबर है, जबकि दो भारतीय नागरिकों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इंटेंसिव मेडिकल ट्रीटमेंट चल रहा है। स्थानीय मीडिया आउटलेट वियतनाम न्यूज़ के अनुसार, राष्ट्रपति टो लैम ने प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग के साथ मिलकर हादसे को लेकर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी को अलग-अलग शोक संदेश भेजे। अपने संदेशों में, वियतनामी नेताओं ने कहा कि देश में अधिकारी तुरंत सर्च-एंड-रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं, घायलों का मेडिकल इलाज सुनिश्चित कर रहे हैं, पीड़ितों के परिवारों को मदद दे रहे हैं और इस हादसे के बाद के हालात से निपटने के लिए भारतीय पक्ष के साथ करीबी तालमेल बनाए हुए हैं। नेताओं ने यह भी बताया कि संबंधित एजेंसियों ने दुर्घटना का सही कारण पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। वियतनाम न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, उसी दिन, वियतनाम के विदेश मंत्री ले होई ट्रुंग ने भी इस दुखद घटना के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को शोक संदेश भेजा। इस बीच, स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फु क्वोक स्पेशल जोन की पीपुल्स कमेटी के चेयरमैन ट्रान मिन्ह खोआ ने कहा कि टूरिस्ट बोट के मालिक ने हर मरने वाले के परिवार को 1,000 अमेरिकी डॉलर और हर घायल पैसेंजर को 500 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा देने पर सहमति जताई है।

### अफगानी कृषि मंत्री की भारत यात्रा, खेती-किसानी से लेकर जल संरक्षण में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर रहा जोर



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के कृषि, सिंचाई और पशुधन मंत्री मावालावी अताउल्लाह ओमरी ने 7 से 12 जुलाई 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा की। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार अक्टूबर 2025 के बाद अफगानिस्तान से भारत की यह चौथी मंत्री-स्तरीय यात्रा थी, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संपर्क और सहयोग को दर्शाती है। एमईए ने इस यात्रा के दौरान हुई अहम चर्चाओं और बैठकों को लेकर बयान जारी किया। बताया कि यात्रा के दौरान अफगान मंत्री ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। बैठक में दोनों पक्षों ने कृषि, सिंचाई, पशुधन विकास, कृषि अनुसंधान, शिक्षा, क्षमता निर्माण और कृषि व्यापार के क्षेत्रों में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की तथा भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। वार्ता में खाद्य सुरक्षा, बेहतर बीज प्रणाली और फसल उत्पादकता बढ़ाने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। भारत ने अफगानिस्तान के कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अपना समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने वाली फसल किस्मों, जैव-सशक्त फसलों, टिकाऊ सिंचाई तकनीकों, जल संरक्षण और जलग्रहण क्षेत्र विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। अफगान कृषि मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से भी मुलाकात की।

## कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का निधन

**एजेंसी। दोहा**



कतर फादर कहे जाने वाले शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इसकी घोषणा कतर की सर्वोच्च सरकारी संस्था 'अमीरी दीवान' ने रविवार को की। अमीरी दीवान ने रविवार को कहा, "ईश्वर के फैसले और नियति पर अटूट विश्वास के साथ, अमीरी दीवान राष्ट्र की इस महान क्षति पर शोक व्यक्त करता है। परमात्मा दिवंगत अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी पर अपनी कृपा बनाए रखें, जिनका आज सुबह निधन हो गया।" अमीरी दीवान ने आगे कहा, "अल्लाह उन्हें उनके देश और अरब व इस्लामी दुनिया के लिए किए गए महान और अविस्मरणीय कार्यों का सर्वोत्तम प्रतिफल दे तथा हम सभी को इस दुख की घड़ी में धैर्य और हिम्मत प्रदान करे।"

### पूर्व अमीर एक दूरदर्शी नेता थे, उनके निधन का दुख : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कतर के 'फादर अमीर' शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने इसे अत्यंत पीड़ादायक बताया है। पीएम ने अपने एक्स पर लिखा, "हम (भारत) कतर के फादर अमीर, महामहिम शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।




## तीन देशों के दौरे से भारत की बढ़ी वैश्विक साख

# रक्षा व ऊर्जा सहयोग को मिली नई रफ्तार

- अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन बोलीं, दुनिया कर रही प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान

**एजेंसी। वाशिंगटन**



### दौरे की आठ बड़ी उपलब्धियां

- इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा।
- ऑस्ट्रेलिया भारतीय परमाणु रिएक्टरों को यूरेनियम की आपूर्ति करेगा।
- भारत के 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा लक्ष्य को मिलेगी मजबूती।
- इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने पर सहमति दी।
- 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल प्रणाली पर भी सहयोग बढ़ा।
- न्यूजीलैंड के साथ 2030 रणनीतिक साझेदारी और रोडमैप की घोषणा।
- भारतीय नौसेना को ऑकलैंड में लॉजिस्टिक सहायता की सुविधा मिलेगी।
- दौरे से भारत की वैश्विक कूटनीतिक, सामरिक और आर्थिक स्थिति और मजबूत हुई।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का छह दिवसीय दौरा कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान तीनों देशों में प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया और रक्षा, परमाणु ऊर्जा, व्यापार तथा रणनीतिक सहयोग से जुड़े कई अहम समझौतों पर सहमति बनी।

अमेरिका की प्रसिद्ध गायिका मैरी मिलबेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया भारत का सम्मान कर रही है और उसे व्यापार के लिए सबसे भरोसेमंद देशों में से एक मान रही है।

इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय परमाणु रिएक्टरों के लिए यूरेनियम आपूर्ति शुरू करने की घोषणा की। यह कदम 2014 में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया नागरिक परमाणु सहयोग समझौते का महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है, जिससे भारत के 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा लक्ष्य को गति मिलेगी।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत को बड़ी सफलता मिली। इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की खरीद पर सहमति जताई। इसके साथ ही 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल प्रणाली से जुड़े सहयोग को भी आगे बढ़ाया गया। न्यूजीलैंड के साथ 2030 रणनीतिक रोडमैप पर सहमति बनी, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, व्यापार विस्तार और रक्षा लॉजिस्टिक्स को प्रमुखता दी गई। इस समझौते के बाद भारतीय नौसेना के जहाज ऑकलैंड में लॉजिस्टिक सहायता और आपूर्ति प्राप्त कर सकेंगे।

## "छात्रों की गूंज" मैराथन में छात्रों ने लिया हिस्सा

# पेपर लीक होने से छात्रों के सपने टूटे हैं : कन्हैया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** पेपर लीक की घटनाओं, शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से "छात्रों की गूंज" अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है बार-बार होने वाले पेपर लीक ने लाखों मेहनती छात्रों के सपनों को तोड़ा है। युवाओं के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और "छात्रों की गूंज" उसी अभियान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान चीब ने कहा कि देश का युवा केवल रोजगार ही नहीं बल्कि निष्पक्ष और ईमानदार परीक्षा प्रणाली भी चाहता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न होने दे। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इस मैराथन का आयोजन "छात्रों की गूंज" अभियान के संयोजक कुमार राजा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए जनआंदोलन का प्रतीक है। जब तक पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगती और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती।

### छात्र आंदोलन का इतिहास फिर से दोहराने का वक्त आ गया है : सुबोधकांत



**रांची।** छात्र आंदोलन का इतिहास फिर से लिखने का वक्त आ गया है। छात्रों की गूंज दिल्ली दरबार में बैठे केंद्र की भाजपा सरकार के कानों तक गूंजने लगी है। इतिहास इस बात का हमेशा गवाह रहा है कि छात्रों की मांगों को जिस किसी ने भी नजरंदाज किया, उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रविवार को मोरहाबादी मैदान में रांची जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित "छात्रों की गूंज" कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। श्री सहाय ने कहा कि राहुल गांधी सर्वमान्य नेता हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करारा जवाब देने में भी सक्षम हैं। उनसे आंख से आंख मिलाकर बात करने वाले राजनेता राहुल गांधी हैं। श्री सहाय ने कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर और उनका भविष्य संवारने के लिए कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया है। यह गूंज थमने वाली नहीं है।

## भाजपा ने जेएसडीएमएस में अनियमितता का लगाया आरोप



● जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार की 'झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी' (जेएसडीएमएस) में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि ब्लैकलिस्ट की गई कंपनियों को नियमों के विपरीत अस्थायी रूप से काली सूची से हटाकर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अजय साह ने कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि अगस्त 2024 में तत्कालीन मिशन निदेशक ने स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी छह कंपनियों को फर्जी बैंक गारंटी देने का दोषी मानते हुए अगस्त 2026 तक के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बावजूद वर्तमान मिशन निदेशक शैलेंद्र लाल ने अक्टूबर 2024 में इन कंपनियों को "लोकहित" का हवाला देते हुए काली सूची से हटाकर भुगतान करने का आदेश जारी किया। भाजपा का दावा है कि इस दौरान विभाग की ओर से लगभग 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। अजय साह ने आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में फर्जी बैंक गारंटी मामले में तत्कालीन अधिकारी विनय चौबे के जेल जाने के बाद इन्हीं कंपनियों को दोबारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

## श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाने वाली कांग्रेस को सवाल पूछने का अधिकार नहीं : आदित्य साहू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता के मामले पर कांग्रेस की ओर से उठाए गए सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज राम मंदिर को लेकर चिंता जता रही है, जबकि अतीत में उसका रुख इससे बिल्कुल अलग रहा है।



उन्होंने आरोप लगाया कि रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने न्यायालय में यह पक्ष रखा था कि भगवान राम एक काल्पनिक पात्र हैं और उनका कोई जन्मस्थान नहीं है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कारसेवकों पर हुई कार्रवाई का समर्थन किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी कांग्रेस ने रामलला के पक्ष में कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। उनका दावा है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भेजे गए निमंत्रण को भी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने स्वीकार नहीं किया।

### भगवान राम किसी दल की जागीर नहीं : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर कड़ा पलटवार किया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भगवान राम किसी एक राजनीतिक दल की जागीर नहीं हैं। वो पूरे ब्रह्मांड के हैं और सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले हर नागरिक के दिल में बसते हैं। भाजपा ने हमेशा प्रभु राम के नाम का राजनीतिक इस्तेमाल किया है, जबकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों और देश के संविधान का सम्मान किया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए चढ़ावे और चंदे में जो अनियमितताएं सामने आई हैं, वह करोड़ों सनातनी भाई-बहनों की आस्था पर गहरी चोट है।

### भाजपा भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है : राकेश सिन्हा



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान को "तथ्यों से भागने और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की हताश कोशिश" करार दिया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह भगवान श्रीराम के नाम पर श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे की पवित्रता बचाना चाहती है या चढ़ावे में गड़बड़ी करने वालों को राजनीतिक संरक्षण देना चाहती है। कांग्रेस ने केवल इतना कहा है कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था से जुड़े धन का पूरा हिसाब जनता के सामने आए और दोषियों को कठोर सजा मिले। यदि भाजपा को इससे तकलीफ हो रही है, तो उसकी मंशा पर गंभीर सवाल उठते हैं।

## लंबित मांगों पर जल्द निर्णय ले सरकार : झारखंड राज्य अमीन संघ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य अमीन संघ ने अपनी वर्षों से लंबित पांच सूत्री मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग राज्य सरकार से की है। संघ की राज्यस्तरीय बैठक में पहले से सरकार को सौंपे गए मांगपत्रों का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया और लंबित मामलों पर नियमानुकूल कार्रवाई की मांग दोहराई गई। झारखंड राज्य अमीन संघ की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई।,

बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पहले से राज्य सरकार को सौंपे गए पांच सूत्री मांगपत्र के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। संघ ने सरकार से आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर अमीनों की सरकारी नियुक्ति सुनिश्चित करने, अमीनों को नॉन-टेक्निकल के बजाय तकनीकी श्रेणी में शामिल करने, सामान्य कार्य के अनुरूप सामान्य मानदेय लागू करने तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग दोहराई।

संघ का कहना है कि इन मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग सहित विभिन्न स्तरों पर वर्ष 2023 से लगातार पत्राचार किया जा चुका है। बैठक में सरकार से लंबित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र नियमानुकूल कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

### आज गहराएंगे बादल, कल पूरे राज्य में बारिश

**रांची।** राजधानी समेत झारखंड के विभिन्न भागों में सोमवार से बादल गहराएंगे और रुक रुक कर बारिश होने की जानकारी होगी। वहीं राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं कहीं तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गयी है। मौसम विभाग के सोमवार को रांची समेत राज्य में कहीं कहीं वज्रपात होने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची और राज्य के अधिकांश जगहों पर बारिश नहीं हुई। रांची में हल्के बादल छाए रहे। केवल एक मिमी बारिश हुई।

### विश्व आदिवासी दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा भव्य आयोजन

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक रविवार को ट्राइबल हॉस्टल, मोरहाबादी में आयोजित हुई। बैठक में 8 जुलाई को आयोजित महाधिवेशन कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त 2026 को विश्व आदिवासी दिवस मोरहाबादी मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि तथा आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरना कोड लागू कराने और परिसीमन के विरोध को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान, अधिकार और संस्कृति की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक आयोजन रहेगा।

## दृष्टिपात

### लाइट हाउस जनकल्याण समिति की बैठक लाभुकों ने सुविधाओं को लेकर जताई नाराजगी



**रांची।** लाइट हाउस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में रविवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर धर्मशाला में लाभुकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जूली कुमारी ने की, जबकि संचालन चंदा मुखर्जी ने किया। बैठक में लाइट हाउस आवास परिसर में व्याप्त समस्याओं को लेकर लाभुकों ने नाराजगी जताई। लोगों ने सीवरेज की समस्या, साफ-सफाई, लिफ्ट संचालन में परेशानी और मेंटेनेंस व्यवस्था पर सवाल उठाए। लाभुकों ने कहा कि नियमित शुल्क लेने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं में सुधार नहीं हो रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि राजद प्रवक्ता सह जनकल्याण समिति के संयोजक कैलाश यादव ने कहा कि लाभुकों को अपने आवास का मालिकाना हक दिलाने और रजिस्ट्री सहित अन्य मांगों को लेकर एकजुट होकर आंदोलन की रणनीति तैयार करनी होगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, केस दर्ज

रांची। रांची के बिरसा चौक के रहने वाले करण कुमार सिंह की सड़क हादसे में मौत मामले में जगन्नाथपुर थाने में वाहन चालक व मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। कृष्णा कुमार की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा गया है कि उनका पुत्र करण गुरुवार की रात गाड़ी से जा रहा था। विपरीत दिशा से हवाई नगर रोड नंबर दो से आ रही तेल टैंकर ने उनके पुत्र की गाड़ी में जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनके पुत्र की मौत हो गई।

### 14 की चुनाव पाठशाला में सक्रिय भागीदारी निभाएगी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 14 जुलाई को आयोजित होने वाली चुनाव पाठशाला में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। महासभा ने इसे लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए अपने सभी जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के उस वक्तव्य का स्वागत किया है, जिसमें मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 को जनसहभागिता पर आधारित प्रक्रिया बताया गया है। महासभा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि झारखंड प्रदेश के प्रभारी ए.के. श्रीवास्तव ने विशेष रूप से सभी जिला अध्यक्षों से समाज के युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ने और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। महासभा ने कहा कि कायस्थ समाज सदैव सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में अग्रणी रहा है और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के इस अभियान में भी पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभाएगा।

### आज से चरणबद्ध आंदोलन पर जाएंगे एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी

**रांची।** झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों पर सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं होने के विरोध में 13 जुलाई से राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर श्रावणी मेला प्रतिनियुक्ति का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही 27 जुलाई को नेपाल हाउस स्थित स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और प्रदेश महासचिव मंगल हेंब्रम ने कहा कि राज्य के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) पिछले करीब 18 वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और जनस्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अब तक उनके स्थायी समायोजन समेत अन्य मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया है।

### सदर अस्पताल में अब दोनों पालियों में होगा बच्चों का टीकाकरण

**रांची।** सदर अस्पताल में अब बच्चों का नियमित टीकाकरण दोनों पालियों में होगा। नई व्यवस्था में अधिक से अधिक बच्चों को समय पर टीका लग सकेगा। सदर अस्पताल में हर माह छह हजार से अधिक बच्चों का निःशुल्क टीकाकरण होता है। यहां जन्म से लेकर निर्धारित आयु तक के बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कई जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए जरूरी टीके लगाए जाते हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के पहुंचने और टीकाकरण का समय सीमित होने के कारण कई बार अभिभावकों उठानी पड़ती है। अब सुबह अस्पताल नहीं नहीं पहुंच पाने वाले अभिभावक दोपहर की पाली में भी बच्चों का टीकाकरण करा सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि समय पर टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे में दो पालियों में टीकाकरण शुरू होने से टीकाकरण का दायरा बढ़ेगा और कोई भी बच्चा केवल समय की कमी के कारण इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित नहीं रहेगा।

### गेतलसूद डैम में नहाने के दौरान बरियातू के युवक की डूबकर मौत

**रांची।** पर्यटन स्थल गेतलसूद डैम के रोज आइलैंड में रविवार शाम नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बरियातू मिल्लत कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय अर्शलान खान पिता अमन खान के रूप में हुई है। हादसा शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ। युवक अपने पांच दोस्तों के साथ घूमने के लिए रोज आइलैंड पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्शलान अपने दोस्तों के साथ डैम के पानी में नहाने उतरा था। इसी दौरान वह गहरे पानी की ओर चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके साथ आए दोस्तों ने शोर मचाया। आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा चुका था। घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना प्रभारी बम शंकर यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। एनआर बोटिंग के ऑपरेटर और सेकी के आठ विशेषज्ञ गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे तक युवक की तलाश की गई। रात करीब साढ़े आठ बजे गोताखोरों ने अर्शलान के शव को पानी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही डैम परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। युवक के पिता अमन खान, माता शमशाद बेगम और अन्य परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां शमशाद बेगम दहाड़ मारकर रोने लगीं। थाना प्रभारी बम शंकर यादव ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।
अर्शलान खान का ननिहाल सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव में है, जो घटनास्थल के पास ही स्थित है। बताया गया कि वह अपने मामा कांग्रेस नेता फारूक खान को बिना जानकारी दिए गेतलसूद डैम के रोज आइलैंड घूमने पहुंच गया था।

## पेज के एक शेष

### आक्रोश : वन विभाग...

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से आवागमन का प्रमुख मार्ग रही है और मनरेगा से इस पर मिट्टी, मोरम तथा हार्ड सर्फेस का कार्य भी कराया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर कुंदा पंचायत की मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू एवं पूर्व उपमुखिया सतेन्द्र कुमार सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने उपायुक्त, सांसद, विधायक एवं वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर सड़क को शीघ्र चालू कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने वैकल्पिक स्थल पर पौधारोपण कराने और सड़क तत्काल खोलने की मांग की है।

### उग्रवादी राजेंद्र साहू...

उन्होंने बताया कि कर्रा रेलवे साइट और तोरपा स्थित गैस गोदाम में हुई फायरिंग की घटनाओं में भी उसकी भूमिका पाई गई है। पुलिस इन मामलों में उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है। उसके अन्य सहयोगियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार, राजेंद्र साहू के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कुल सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें तोरपा, मुरहू और कर्रा थाने में दो-दो तथा खूंटी थाने में एक मामला शामिल है। सभी मामले उग्रवादी गतिविधियों, रंगदारी, हथियारों के इस्तेमाल और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। लंबे समय से उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार, कर्रा थाना प्रभारी राजू कुमार, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार तथा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### राज्य सरकार नक्सलवाद...

समन्वय स्थापित करके 'ऑपरेशन क्लीन' जैसे विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। पारसनाथ पहाड़, बूढ़ा पहाड़ और कोल्हान के दुर्गम क्षेत्रों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। वहीं, उग्रवाद और नक्सलवाद की गिरफ्त में फंसे युवाओं को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए सरकार की आत्मसमर्पण नीति भी काफी प्रभावी साबित हो रही है। इसके तहत आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों और नक्सलियों को सामान्य जेलों में रखने के बजाय 'ओपन जेल' में रखा जाता है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और उग्रवादियों को उनकी श्रेणी और संगठन में पद के अनुसार 1.5 लाख से लेकर 4 लाख रुपए तक की पुनर्वास अनुदान दिया जा रहा है। उन्हें जेल परिसर में ही सिलाई, खेती, कंप्यूटर, बढ़ईगीरी जैसे कौशल प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिससे वे रोजगार पा सकें। नक्सलवाद और उग्रवाद के खिलाफ इस रणनीति के कारण पिछले कुछ वर्षों में कई शीर्ष नक्सलियों और उग्रवादियों का सफाया हुआ है और गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, सैकड़ों उग्रवादियों-नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर हथियार डाले हैं।

### बहू पर परिवार..

प्रभु उरांव के पुत्र सुजीत उरांव की 26 वर्षीया पत्नी सोनामुनि उरांव इस विवाह के खिलाफ थी। उसने अपनी ननद से कहा कि परिवार के विरुद्ध जाकर अंतरजातीय विवाह करने के कारण इस घर में उसके लिए कोई जगह नहीं है। हालांकि, माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को बेटी के इस फैसले से कोई आपत्ति नहीं थी। जब परिजनों ने बेटी का पक्ष लेते हुए बहू सोनामुनि को शांत रहने को कहा, तो उसे लगा कि पूरा परिवार उसके खिलाफ हो गया है। इसी आक्रोश में बहू सोनामुनि ने रविवार को पूरे परिवार को खत्म करने के उद्देश्य से रात के भोजन और पीने के पानी में जहरीला पदार्थ मिला दिया और बिना बताए घर से भाग निकली। गनीमत रही कि परिजनों को खाना खाने से पहले ही कुछ संदिग्ध महसूस हुआ और उन्होंने भोजन नहीं किया। देखते ही देखते यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीण भी मौके पर जुटे और परिजनों को समझाया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने सेन्हा थाने की पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि खाने और पानी में जहर मिलाने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। फिलहाल घटना के हर पहलू को संज्ञान में लेते हुए गहन जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी महिला की तलाश जारी है।

### गिरिडीह के बेंगाबाद...

इस दौरान उत्पाद अधीक्षक शिवकुमार साहू ने कहा कि जिलाधिकारी रामनिवास यादव ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध शराब का कारोबार नहीं चलना चाहिए। डीसी के निर्देश के आलोक में लगातार सूचना एकत्र की जा रही थी। इस बीच सूचना मिली कि बेंगाबाद के घाघरा नामक स्थान पर अवैध रूप से शराब निर्माण किया जा रहा है। पहले सूचना का सत्यापन किया गया। सत्यापन होने के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम में उत्पाद अवर निरीक्षक रवि रंजन के अलावा पुलिस के सहायक अवर निरीक्षक लक्ष्मण को शामिल करते हुए शनिवार की रात छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार की टीम का भी सहयोग लिया गया। इसके बाद उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। वहां से भारी मात्रा में शराब, शराब बनाने के उपकरण, बोतल, विभिन्न ब्रांड के रैपर, ढक्कन सहित कई सामान जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि यहां भारी मात्रा में नकली शराब तैयार की गई थी, जिसे अलग-अलग स्थानों पर भेजना था। हालांकि, उसे जब्त कर लिया गया।

### संग्रामपुर शिव मंदिर...

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कांके थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें शांत कराया तथा कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। इसके बाद पुलिस ने मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना के समय संदिग्ध गतिविधियों और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा सके। इसके अतिरिक्त, स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का जल्द खुलासा किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को अतिरिक्त कदम उठाने चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर पांडेय ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर काम कर रही है। उपलब्ध तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रही है तथा लोगों से शांति, संयम और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### अब खेती ही...

हालांकि, हाल के दिनों में कई क्षेत्रों में बारिश बढ़ने से मानसून की कमी कुछ हद तक घटी है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई और अगस्त का प्रदर्शन पूरे सीजन की दिशा तय करेगा। ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन, यदि बारिश सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले सप्ताह बिजली व्यवस्था की अग्निपरीक्षा साबित हो सकते हैं। यही वजह है कि बिजली उत्पादन, कोयला भंडारण और जलाशयों के जलस्तर पर केंद्र और राज्य सरकारें लगातार नजर बनाए हुए हैं।



# ‘आईसीसी हॉल ऑफ फेम’ में शामिल हुए गांगुली, अंजुम और पीटरसन

**एजेंसी। दुबई**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा के साथ-साथ इंग्लैंड टीम के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर बधाई दी।

जय शाह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मुझे आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।
यह उन असाधारण खिलाड़ियों के लिए सम्मान है जिनकी उपलब्धियों ने हमारे खेल में बहुत बड़ा योगदान दिया है।
सौरव गांगुली, अंजुम चोपड़ा और केविन पीटरसन, सभी ने गर्व के साथ अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीमों की कप्तानी की। मैं आईसीसी की ओर से तीनों को इस सम्मान के लिए बधाई देता हूं।
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने तीनों खिलाड़ियों को हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की घोषणा की है। तीनों दिग्गजों ने विभिन्न प्रारूपों में क्रिकेट में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 10वें पुरुष भारतीय क्रिकेटर बने हैं, जबकि अंजुम चोपड़ा यह सम्मान हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं।

सौरव गांगुली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 424 मैच खेले, जिनमें 18,575 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 38 शतक और 107 अर्धशतक लगाए।

## इंग्लैंड वनडे और जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर हुए हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में बदलाव किया है। गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोट के चलते सीरीज से बाहर हो चुके हैं। बीसीसीआई ने इन दोनों खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट का ऐलान भी कर दिया है। बीसीसीआई ने रविवार को बताया कि ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच के दौरान हर्षित राणा को दाहिनी हैमस्ट्रिंग में अचानक तकलीफ महसूस हुई। बाद में हुए स्कैन से पता चला कि उन्हें ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग चोट लगी है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है और वे आगे की जांच और इलाज के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे।






### अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया

## हमारी टीम कभी उम्मीद नहीं छोड़ती’: कप्तान मेसी

**एजेंसी। कैनसस सिटी**

स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में 3-1 से जीत दर्ज करते हुए अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपनी टीम के जज्बे और लड़ने की क्षमता को सराहा है।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड के विरुद्ध जीत के साथ लगातार दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। अर्जेंटीना अब गुरुवार को अटलांटा स्टेडियम में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगी।

फीफा वर्ल्ड कप में सर्वाधिक गोल करने वाले मेसी इस क्वार्टर फाइनल मैच में कोई गोल तो नहीं कर सके, लेकिन वे आखिरी सीटी बजने तक मैदान पर डटे रहे और टीम का हौसला बढ़ाते रहे। मुकाबले के 10वें मिनट में एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने गोल दागकर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मगर डैन न्डोये ने 67वें मिनट में गोल के साथ स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद 'एक्स्ट्रा टाइम' में जूलियन अल्वारेज (112') और लौटारो मार्टिनेज (120+1') के गोल की मदद से अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड टीम को 3-1 से हराया।

'गोलडॉटकॉम' के अनुसार, मुकाबले के बाद मेसी ने कहा, "मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। यह बहुत मुश्किल से मिली जीत है। हमें पता था कि यह बहुत कड़ा मुकाबला होगा। आगे आने वाले मुकाबलों से पहले एक हफ्ता आराम से बिताने के लिए हमारे लिए यह कदम उठाना जरूरी था।"

अर्जेंटीना ने लगातार 15वें वर्ल्ड कप मैच में गोल किया। इस मामले में अर्जेंटीना से आगे उरुग्वे (1930-1962 के बीच 16 मैच), हंगरी (1934-1962 के बीच 17 मैच), जर्मनी (1986-1998 के बीच 18 मैच), जर्मनी (1934-1958 के बीच 18 मैच) और ब्राजील (1930-1958 के बीच 18 मैच) की टीमें हैं। सोशल मीडिया पर जीत का जश्न मनाते हुए, मेसी ने इस मुश्किल जीत की कई तस्वीरें शेयर कीं और टीम की मानसिक मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, "एक बार फिर हमें संघर्ष करना पड़ा, लेकिन यह टीम कभी उम्मीद नहीं छोड़ती। हम एक बार फिर दुनिया की चार सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल हैं।

## भारत को हराने के बाद खिलाड़ियों को जश्न की छूट: इंग्लैंड कोच

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-0 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों को जश्न मनाने की अनुमति दी है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि यह छूट टीम के नए अनुशासनात्मक दिशा-निर्देशों के दायरे में ही होगी और खिलाड़ियों से जिम्मेदार व्यवहार की उम्मीद की जाएगी। साउथेम्प्टन में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 56 रन से हराकर सीरीज 4-0 से अपने नाम की। इस जीत के साथ इंग्लैंड आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। मैच के बाद मैकुलम ने कहा कि टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और ऐसे मौके पर खिलाड़ियों को सफलता का जश्न मनाने का अधिकार मिलना चाहिए। मैकुलम ने कहा, "जीत के बाद खिलाड़ी आज रात शराब पी सकते हैं। गाइडलाइंस अपनी जगह लागू हैं और सभी खिलाड़ी उनसे अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की तैयारी तेज एनआरएआई ने शुरू किया राष्ट्रीय शूटिंग कैंप

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप हांगझोउ (चीन) और एशियन गेम्स 2026 आइची-नागोया (जापान) की तैयारियों के लिए रविवार से एलीट राष्ट्रीय शूटिंग कैंप शुरू किया है। यह हाई-परफॉर्मेंस कैंप 20 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देश के शीर्ष निशानेबाज राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। इस कैंप में भारत के कई स्टार निशानेबाज शामिल हो रहे हैं, जिनमें मनु भाकर, रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, इलावेनिल वलारिवान, ईशा सिंह और भुवनेश मेंडिरत्ता जैसे बड़े नाम मौजूद हैं। इन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ कोचों की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोचिंग स्टाफ में ओलंपिक चैंपियन पीटर विल्सन (ट्रैप), थॉमस फार्निक (राइफल), जालेना अरुनोविच (पिस्टल) और रिकार्डो फिलिपेली (स्कीट) जैसे विदेशी विशेषज्ञ शामिल हैं।



## केस वापस लेने के नाम पर मुझसे पैसे मांगे गए: शशांक



**भोपाल।** पंजाब किंग्स के स्टार क्रिकेटर शशांक सिंह पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। भोपाल स्थित उनके घर के रसोइए ने शशांक, उनके पिता शैलेश सिंह और ड्राइवर पर मारपीट, गाली-गलौज करने और बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए 30 जून 2026 को स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। शशांक सिंह ने इस पूरे विवाद को उनकी सार्वजनिक छवि को खराब करने और पैसे वसूलने की साजिश करार दिया है। शशांक सिंह ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए बताया कि रसोइया आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा, "वह आदतन अपराधी था।

## नॉर्वे को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप-2026 के सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने जूड बेलिंगहैम के बेहतरीन दो गोलों की बदौलत फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। फ्लोरिडा के मियामी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने नॉर्वे को एक्स्ट्रा टाइम में 2-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। मैच का फैसला निर्धारित 90 मिनट में नहीं हो सका। रेगुलर टाइम समाप्त होने तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में बेलिंगहैम ने विजयी गोल दागकर इंग्लैंड को यादगार जीत दिलाई। नॉर्वे ने मैच का पहला गोल 36वें मिनट में किया। एंड्रियास श्जेल्डरुप ने गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इंग्लैंड ने ज्यादा देर इंतजार नहीं किया और कुछ मिनट बाद जूड बेलिंगहैम ने बराबरी का गोल दाग दिया।

## फीफा वर्ल्ड कप के अनुभव ने मुझे एक इंसान के तौर पर बदल दिया है: एर्लिंग हालैंड

**मियामी।** इंग्लैंड के हाथों क्वार्टर फाइनल में 1-2 से शिकस्त झेलने के बाद नॉर्वे को फीफा वर्ल्ड कप 2026 की खिताबी रेस से बाहर होना पड़ा। नॉर्वे के मशहूर स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड ने बताया कि फीफा वर्ल्ड कप के अनुभव ने उन्हें एक इंसान के तौर पर बदल दिया है। 25 वर्षीय हालैंड ने अपने देश के ऐतिहासिक कैंपेन पर गर्व जताया है। हालैंड ने इराक, सेनेगल, कोटे डी आइवर और ब्राजील के खिलाफ लगातार चार मुकाबलों में सात गोल दागकर विरोधियों के डिफेंस को परेशान किया था, लेकिन इंग्लैंड ने इस 6 फीट 4 इंच लंबी कद-काठी वाले खिलाड़ी को शांत रखा और मियामी में नॉर्वे का अब तक का सबसे अच्छा वर्ल्ड कप कैंपेन खत्म हो गया।



## भारत में अगले साल 15 अगस्त से शुरू होगी बुलेट ट्रेन : वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा 15 अगस्त, 2027 से चरणबद्ध तरीके में शुरू होगी और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) कॉरिडोर का सूरत-बिलिमोरा सेक्शन देश का पहला हाई-स्पीड रेल रूट बनेगा।

508 किलोमीटर लंबे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा, जिससे पूरे रूट के पूरा होने से पहले ही प्रोजेक्ट के कुछ हिस्से चालू हो सकेंगे। सूरत-बिलिमोरा सेक्शन के शुरू होने के बाद, बाकी सेक्शन - जैसे वापी-सूरत, वापी-अहमदाबाद, अहमदाबाद-ठाणे और अहमदाबाद-मुंबई को धीरे-धीरे खोला जाएगा।

हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के बारे में जानकारी देते हुए रेल मंत्रालय ने वैष्णव ने कहा कि भारत का पहला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट अपने अगले चरण में पहुंच गया है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का काम चल रहा है और इसे चरणों में शुरू किया जाएगा, जिसकी शुरुआत सूरत-बिलिमोरा सेक्शन से होगी।

रेल मंत्री ने कहा कि इस बड़े प्रोजेक्ट का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और तय समय-सीमा के अंदर काम पूरा करने के लिए निर्माण तेजी से चल रहा है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर भारत का पहला हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट है।



**हैदराबाद बनेगा हाई-स्पीड रेल हब**

इससे इन दो आर्थिक केंद्रों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, साथ ही आधुनिक रेल तकनीक आएगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस प्रोजेक्ट से कॉरिडोर के आस-पास आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वैष्णव ने देश के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए केंद्र की लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में भी बताया और हैदराबाद को केंद्र में रखकर तीन प्रस्तावित बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की घोषणा की।

## जुलाई में एफपीआई ने शेयर बाजार में बढ़ाई खरीदारी





**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2026 में ज्यादातर समय तक बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहने के बाद जुलाई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लिवाल (बायर) की भूमिका में बने नजर आ रहे हैं। जुलाई के पहले लगातार चार महीने यानी जून, मई, अप्रैल और मार्च में एफपीआई घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने में लगे हुए थे। लेकिन, इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। एक जुलाई से 10 जुलाई के बीच के आठ कारोबारी दिन के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में कुल 15,157 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। साल 2026 में जुलाई में हो रही खरीदारी के पहले सिर्फ फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक खरीदारी की भूमिका में नजर आए थे। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार जुलाई के पहले जून के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

### तिब्बत में चीन की विशाल जलविद्युत परियोजना को लेकर वैज्ञानिक चिंतित, बताया-

## नीचे मौजूद है सक्रिय फॉल्ट लाइन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चीनी वैज्ञानिकों ने तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर चीन की विशाल जलविद्युत परियोजना से जुड़े भू-वैज्ञानिक जोखिमों को लेकर नई चिंता जताई है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि परियोजना स्थल के नीचे मौजूद एक सक्रिय फॉल्ट लाइन दुनिया के सबसे बड़े जलविद्युत बांध की संरचनात्मक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह चेतावनी पिछले महीने चीनी भाषा की पत्रिका "सेडिमेंटरी जियोलॉजी एंड टेथियन जियोलॉजी" में प्रकाशित एक अध्ययन पर आधारित है। यह शोध सरकारी संस्था चाइना जियोलॉजिकल सर्वे के पर्यवेक्षण में किया गया था। अध्ययन में पाया गया कि पाइजेन फॉल्ट, जो पूर्वी हिमालय क्षेत्र में पृथ्वी की ऊपरी सतह में मौजूद एक सक्रिय दरार है, सीधे उस क्षेत्र के नीचे से गुजरती है जहां तिब्बत के मेतोग काउंटी में मेतोग जलविद्युत स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। यह स्थान उस क्षेत्र से लगभग 50 किलोमीटर पहले है जहां यारलुंग त्सांगपो नदी भारत में प्रवेश करती है।

हालांकि शोधकर्ताओं ने परियोजना को बंद करने की मांग नहीं की, लेकिन उन्होंने इंजीनियरों को अधिक मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है। इनमें ढलानों की स्थिरता में सुधार, रिटेनिंग संरचनाओं की स्थापना और भूस्खलन, भू-धंसाव तथा अन्य भू-वैज्ञानिक खतरों को कम करने के उपाय शामिल हैं।

यह अध्ययन चेंगदू यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, चाइना जियोलॉजिकल सर्वे के सिविल-मिलिट्री इंटीग्रेशन सेंटर और मिडिल यारलुंग जांगबो रिवर नेचुरल रिसोर्सेज ऑब्जर्वेशन एंड रिसर्च स्टेशन के भूवैज्ञानिकों द्वारा किया गया।

## सरकारी कदमों से बढ़ा एफआईआई का भरोसा

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा पिछले महीने और ज्यादा विदेशी फंड आकर्षित करने और रुपए में उतार-चढ़ाव को स्थिर करने के उपाय घोषित किए जाने के बाद भारत में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 7 अरब डॉलर निवेश किए हैं। यह जानकारी एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में दी गई। इस दौरान 20 मई को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.8 के निचले स्तर से भारतीय रुपए जून के आखिर तक करीब 2.2 प्रतिशत की मजबूती आई है। पिछले महीने,



मध्य पूर्व में चल रहे तनाव की वजह से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने पर सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने विदेशी निवेश और रुपए की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय किए। इन उपायों में सॉवरेन बॉन्ड पर एफआईआई और एफपीआई को टैक्स से छूट, एफसीएनआर(बी) डिपॉजिट के लिए सब्सिडी वाली हेजिंग लागत और पीएसयू लोन के लिए रियायती डॉलर-स्वैप सुविधा शामिल है। हालांकि, हालिया भू-राजनीतिक तनाव ने एक्सचेंज रेट पर फिर से दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अमेरिका-ईरान सीजफायर खत्म करने की घोषणा के बाद ये तनाव और बढ़ गए।

## भारत की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 93,000 करोड़ रुपए बढ़ा

**मुंबई।** भारत की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बीते हफ्ते 92,995.48 करोड़ रुपए बढ़ा है। इसमें सबसे अधिक योगदान एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का रहा है।

शीर्ष 10 में जिन कंपनियों के मार्केटकैप में बढ़ोतरी हुई है। उनमें एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एलआईसी का नाम शामिल है। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और एचयूएल के बाजार पूंजीकरण में कटौती हुई है।

समीक्षा अवधि में एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई। इसका वैल्यूएशन 35,808.09 करोड़ रुपए से बढ़कर 12,69,454.42 करोड़ रुपए हो गया है। इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा, जिसका बाजार पूंजीकरण 34,896.92 करोड़ रुपए बढ़कर 11,98,774.22 करोड़ रुपए हो गया है। एलआईसी का मार्केटकैप 16,065.5 करोड़ रुपए बढ़कर 5,60,205.05 करोड़ रुपए हो गया, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,224.97 करोड़ रुपए बढ़कर 17,71,206.33 करोड़ रुपए हो गया है।